



हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

### एक ही रात में 12 सेमी पानी गिरा, अलर्ट जारी

सावन का पहला पखवाड़ा बीतने के बाद बीती रात हुई मुसलाधार बारिश ने जिले में आफत मचा दी। इस दौरान एक ही रात में 12 सेमी बारिश दर्ज की गई, यह इस सीजन की रिकार्ड बारिश है। अब तक महज 4 से 5 सेमी बारिश ही दर्ज की जाती रही है। वहीं मौसम विभाग ने अगले 2 से 3 दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है। गरज चमक के साथ अच्छी बारिश होने के संकेत है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर चक्रवाती हवाओं को प्रदेश में बारिश करने के लिए बाध्य कर रहा है। प्रदेश भर में इस दौरान 2 दिन तक अलर्ट जारी किया गया है, इस दौरान मुसलाधार बारिश हो सकी है। बुधवार की रात मुसलाधार बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया। इस दौरान शहर के 3 दर्जन से अधिक इलाकों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। बताया जा रहा है कि मानसूनी द्रोणिका श्री गंगानगर, हरदई, पटना, दीघाऔर बंगाला की खाड़ी में बन चुकी है। इसके साथ ही विदर्भ से छत्तीसगढ़ के बीच भी 5.8 किमी की ऊंचाई में द्रोणिका सक्रिय है।

» नालियां ओवरफ्लो हो गईं, सड़कों पर हर तरफ भरा पानी

# रातभर की बारिश ने खोल दी स्मार्ट प्लानिंग की पोल



पुराना बस स्टैंड।



एफसीआई गोदाम तारबाहर।



तारबाहर रेलवे अंडरब्रिज।



सिरगिट्टी स्थित फ्लोर मिल।

*बुधवार की देर रात हुई तेज बारिश ने पूरे शहर की स्मार्ट प्लानिंग की पोल खोल दी। बादलों की तेज गर्जना के साथ हुई झमाझम बारिश से शहर के लगभग हर वार्ड में जलभराव की स्थिति बन गई। नालियां ओवरफ्लो हो गईं, सड़कों पर पानी बहने लगा और लोग घंटों तक बिजली गुल रहने से परेशान होते रहे। कई कालोनियों के सैकड़ों घरों में पानी घुस गया। सड़कों पर दो फुट तक पानी भर गया।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुराना बस स्टैंड, सरकंडा, तोरवा, श्रीकांत वर्मा मार्ग, व्यापार विहार, हंसा विहार, देवरीखुर्द, राजकिशोर नगर, मोपका, सिरगिटटी, मंगला और उसलापुर में पानी भर गया। परिजात कॉलोनी और नेहरू नगर में भी घरों में पानी घुस गया। इससे न केवल उनका जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, बल्कि घरों का कीमती सामान भी पानी में डूब गया। एक रात की झमाझम बारिश ने शहर की सफाई व्यवस्था की भी पोल खोलकर रख दी। कोसते हुए लोगों ने सवाल किया कि क्या इसी को कहते हैं स्मार्ट सिटी? अंधेर और गंदगी से भरी नगरी का ऐसा हाल है तो इस के अधिकारियों और नेताओं को क्या सम्मान पाने का कोई हक भी हैं?

बुधवार की रात दो घंटे की बारिश ने बताया कि शहर में जलभराव समस्या हमेशा बनी रहेगी। पिछले तीन सालों में 20 करोड़ से अधिक का खर्चा नाले नालियों को बनाने पर किया गया है लेकिन हालत वही रहते हैं। बुधवार रात को भी निचली बस्तियों के साथ ही बड़ी कालोनियों में पानी भर गया। लोगों के घर में गंदा पानी घुस गया तो कुर्सी बर्तन तक डूब गए। बंधवापारा, जरहाभाठा से लेकर दयालबंद, सकरी, सिरगिट्टी और तिफरा के कई घरों में खाना नहीं बना। लोग निगम और प्रशासन को कोसते रहे। सरकंडा, मगरपारा, मंगला, गीतांजलि सिटी, तोरवा और पुराना बस स्टैंड जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। इसके साथ ही हंसा विहार, मित्र विहार कालोनी ,श्रीकांत वर्मा मार्ग, बस स्टैंड, विद्यानगर, मिनीमाता चौक, भारतीय नगर रोड, ओमनगर में पानी भर गया। यहां के रहवासियों को आने-जाने में परेशानी हुई और घरों में कैद होकर रहना पड़ा। इसी तरह सिरगिट्टी सेक्टर सी स्थित शारदा फ्लोर मिल में पानी भरने से मिल मालिकों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। ध्यान रहे कि यह क्षेत्र नगर निगम और सीएसआईडीसी के अंतर्गत आता है। एक दूसरे पर आरोप लगाकर लेकिन दोनों विभाग कोई व्यवस्था नहीं करते।

## एफसीआई गोदाम के पीछे तालाब सा नजारा

दरअसल पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था और नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण यह जाम की स्थिति हर साल बनती है। बारिश के बाद नालियों का पानी सड़कों में आ जाता है। फिलहाल लोगों के घरों में नालियों का गंदा पानी घुस रहा है और उसे निकालने में लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों के मुताबिक पिछले 10 सालों से शहर में नाली-नाला और पानी निकासी का कोई काम नहीं हुआ है। हर बार नाली बनती है और सफाई के दावे किए जाते हैं लेकिन इसका रिजल्ट नहीं मिलता। एफसीआई गोदाम के पीछे पानी निकलने में काफी समय लगा। इस रास्ते को रेलवे ने बंद कर दिया था। बाद में इसे खुलवाकर पानी निकलने की व्यवस्था बनाई गई।

### तेज बारिश हुई

बुधवार की रात काफी तेज बारिश हुई थी। इससे शहर में जलभराव तो हुआ लेकिन सुबह तक सभी जगहों से निकासी हो गई थी। पत्रकार कालोनी में नाला बंद करने के कारण परेशानी जरूर हुई। निगम अधिकारियों से बात करते हुए नाला खुलवा दिया गया है। वहां भी स्थिति सामान्य होने की जानकारी मिली है।

**- श्रीमती पूजा विधानी,**
महापौर,



रेलवे रिजर्वेशन कार्यालय जाने वाली सड़क पर भरा पानी।

### बंधवापारा, चौबे कालोनी के कई मकान डूबे

शहर में सबसे अधिक परेशानी सरकंडा क्षेत्र के बंधवापारा, चौबे कालोनी, शिवम होम्स, अरविंद नगर, मगरपारा, मंगला, गीतांजलि सिटी, हंसा विहार, मित्र विहार तोरवा जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। बंधवापारा में तो स्थिति और भी गंभीर रही। यहां के निवासी मनीष देवांगन ने बताया कि निगम के बाढ़ नियंत्रण कक्ष में शिकायत दर्ज कराई। पता चला कि जोरापारा तालाब के पास नाली जाम होने से पानी उलटकर बंधवापारा कालोनी में भर रहा है। इसके साथ ही मिशन अस्पताल रोड, सरकंडा सहित कई इलाके पानी में डूब गए। इसके साथ ही टेलीफोन एक्सचेंज रोड, लिंक रोड, विद्या नगर, तोरवा चौक, तालापारा, व्यापार विहार सहित शहर की कई कॉलोनियां जलमग्न हो गई।

### पारिजात और नेहरू नगर में तैरते रहे सामान

सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में परिजात कॉलोनी और नेहरू नगर जैसे पास कालोनी भी शामिल हैं। यहां पानी लोगों के घरों में घुस गया। इससे न केवल उनका जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, बल्कि घरों का कीमती सामान भी पानी में डूब गया। परिजात कॉलोनी के कई घरों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। लोगों ने बताया कि वे पूरी रात जागकर अपने सामान और परिवार की सुरक्षा में जुटे रहे। कुछ घरों में तो पलंग, बिस्तर, टीवी, फर्नीचर जैसे सामान पानी में तैरते नजर आए। स्थानीय लोगों ने नगर निगम की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि बारिश से पहले नालियों की सफाई ठीक ढंग से नहीं करवाई गई, जिसके चलते पानी का निकास रुक गया और जलभराव की स्थिति बनी। कई जगहों पर तो नालियां कचरे से जाम हो चुकी थीं। प्रभावित लोगों ने प्रशासन से मुआवजे देने की भी मांग की है।

### नाला बंद, पत्रकार कालोनी में 2 फीट पानी भरा

वार्ड 19 कस्तूरबा नगर स्थित पत्रकार कालोनी में कल देर रात हुए भारी बरसात से घरों के अंदर तक दो फुट पानी घुस गया। इससे घर में रखे कीमती सामानों खराब हो गए। कार, बाइक में भी पानी घुस गया। सुबह जब कालोनीवासी जतिया तालाब में गए तो कर्मचारियों ने बताया कि वार्ड पार्षद ने तालाब में पानी भरवाने के कारण नाला के गेट को बंद करा दिया था। इससे कालोनी पानी भरने की समस्या हुई। लोग पार्षद भरत कश्यप, आयुक्त नगर निगम सहित आला अधिकारियों को फोन लगाते रहे पर किसी ने भी फोन नहीं उठाया। वार्ड पार्षद भरत कश्यप के मुताबिक जतिया तालाब में पानी भरने के लिए दो फिट चौड़ी पाइप डाली जा रही है। इसके लिए नाले को बंद करने कर्मचारियों को कहा गया था। भारी बारिश में इस नाले को लेकिन खोल दिया जाना चाहिए था। यह तालाब के कर्मचारियों की गलती है। निगम आयुक्त अमित कुमार के मुताबिक यह लापरवाही का मामला है। संबधित इंजीनियर से लेकर सभी कर्मचारियों से जानकारी ली जाएगी। दूसरी ओर कालोनीवासियों का कहना है कि घर में पानी भरने से आए करेंट के कारण स्वर्ण जयतीं नगर निवासी श्री दीक्षित की मौत हो गई।

### करंट से रिटायर्ड प्रोफेसर की मौत

घर में पानी भरने से इन्वर्टर का प्लग निकालते समय करंट लगने से रिटायर्ड प्रोफेसर की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक जय



प्रकाश खांडे ने बताया, स्वर्ण जयंती नगर निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर आलोक कुमार दीक्षित पिता स्व. कन्हैयालाल दीक्षित 67 साल का मकान दो मंजिला है। ऊपर रूम में श्री दीक्षित पति पत्नी रहते हैं। नीचे रूम में उनका बेटा बहू रहते हैं। 23 जुलाई को देर रात तेज बारिश होने पर उनके घर में पानी भर गया और लाइट बंद हो गई। नीचे रूम में पानी भरने से श्री दीक्षित नीचे जाकर बेटे बहू को ऊपर रूम में सोने के लिए बुलाने गए। बेटे बहू के ऊपर जाने के बाद पानी भरने से वे इन्वर्टर का प्लग निकाल रहे थे। इसी दौरान करंट की चपेट में आकर गिर गए। 5 मिनट बाद घरवाले नीचे आकर देखे श्री दीक्षित नीचे गिरे पड़े थे। तत्काल उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचानामा कर पोस्टमार्टम के बाद उसे परिजन को सौंप दिया है।



मसानगंज शिवमंदिर।



सरकंडा ड्रीमलैंड स्कूल के पीछे।



सरकंडा इंदिरा विहार कालोनी।



चिल्हाटी एनिकट।

### रिवरव्यू में स्टंट करने वाले 4 युवकों पर कार्रवाई

**बिलासपुर।** रिवरव्यू में कार का सनरूप खोलकर तेज रफ्तार चलाकर स्टंट करने वाले 4 युवकों को पकड़कर मोटर व्हीकल एकट के तहत कार्रवाई की गई है। सोशल मीडियों में रिवरव्यू में कार क्रमांक सीजी 10 बीपी, 9101 का सनरूप खोलकर युवक छत में बैठकर तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए युवकों के द्वारा स्टंट करते वीडियों वायरल हो रहा था। पुलिस ने वीडियों को गंभीरता से लेते हुए स्टंट करने वाले लव उर्फ लक्की कुम्भकार कपिल नगर, अरमान उर्फ ऋषभ कुम्भकार विनोबानगर, रमाशंकर कौशिक पुराना सरकण्डा, प्रियांशु कश्यप सरकण्डा माता चौरा को पकड़कर बीएनएस व मोटर व्हीकल एक्ट के अधिनियम की धराओं के तहत अपराध कर विधि अनुसार कार्रवाई की गई है।

### शराब पीकर आए दिन पत्नी से मारपीट करता था मृतक

# एक लाख की सुपारी देकर कराई गई थी युवक की हत्या, पत्नी-सास सहित 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हिर्री माइंस पत्थर खदान में पत्थर से कुचलकर युवक के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को सफलता मिली गई है। शराब पीकर आए दिन मारपीट करने पर पत्नी व सास ने 1 लाख रुपए की सुपारी देकर युवक की हत्या कराई थी। पुलिस ने पत्नी, सास सहित 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया, 17 जुलाई को चकरभाठा क्षेत्र के हिर्री माइंस पत्थर खदान में एक युवक की बिना कपड़े की लाश मिली थी। पहचान छिपाने की नीयत से पत्थर से कुचलकर युवक की हत्या की गई थी। चकरभाठा व एसीसीयू टीम मृतक की पहचान कार्रवाई करने में लगी थी। 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर मृतक की पहचान जांजगीर जिला बलौदा मोहनपुर निवासी साहिल कुमार पाटले पिता राजकुमार पाटले 24 साल के रूप में हुई। वर्तमान में वह पत्नी के साथ कालिका नगर तिफरा में रह रहा था। जांच में खुलासा हुआ मृतक साहिल कुमार पाटले ने पत्नी वर्षा खुंटे से प्रेम विवाह किया था और शराब पीने का आदी था। उनका 9 माह का एक बच्चा था। उसके बाद भी साहिल शराब के नशे में पत्नी के साथ आए दिन मारपीट कर रहा था। वर्षा ने पति के द्वारा मारपीट की जानकारी अपनी मां सरोजनी को दी थी। बेटी की पीड़ा को देखते हुए मृतक की सास सरोजनी ने अपने एक परिचित राजा बाबू व अपने छोटे दमाद विकास आदिले को साहिल कुमार पाटले की हत्या करने के लिए 1 लाख रुपए की सुपारी देकर 8 हजार रुपए एडवांस दिया था।

एसीसीयू प्रभारी अनुज कुमार, टीआई उत्तम साहू, जीवन जायसवाल, प्रेम सूर्यवंशी, महादेव कुजूर, रवि यादव, अभिजीत डाहिरे, भागवत चंद्राकर व अन्य ने मां बेटी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो दोनों ने हत्या करवाना स्वीकार कर ली। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से बाइक, 4 मोबाइल, वारदात में प्रयुक्त पत्थर जब्त किया गया है। एसएसपी श्री ने अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाने पर पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### हिर्री माइंस पत्थर खदान में मिले युवक के अंधे कत्ल की गुत्थी

#### पकड़े गए आरोपी

- *वर्षा खुंटे पति स्व. साहिल पाटले 20 साल कालिका नगर तिफरा*
- *सजरोज खुंटे पति दिलीप खुंटे 38 साल मोहनपुर बलौदा जांजगीर*
- *विकास आदिले पिता विजय आदिले 19 साल कुरमा बलौदा जांजगीर*
- *राजाबाबू खुंटे पिता अश्वनी खुंटे 24 साल कुरमा बलौदा जांजगीर*

*100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने में मिला सुराग*



पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने किया खुलासा।

#### मोबाइल से सर्च कर पत्थर खदान लेकर गए

घटना तिथि को आरोपी राजा बाबू, विकास आदिल मृतक साहिल को लेकर शराब दुकान गए और शराब खरीदने के बाद मोबाइल में सर्च कर देखे सुनसान जगह कहां है। उसके बाद तीनों बाइक से हिर्री माइंस पत्थर खदान गए। दोनों मृतक को अधिक शराब दे रहे थे। अत्यधिक नशे होने पर दोनों ने साहिल के साथ मारपीट करने के बाद पहचान छिपाने के लिए भारी भरकम पत्थर से दो तीन बार मारकर चेहरे को कुचल दिया था। उसके बाद उसके कपड़े को निकालकर दूर गड्डे में छिपा दिया था।

## खबर संक्षेप

### लोयला स्कूल में किया गया पौधरोपण यातायात नियमों की दी जानकारी



**बिलासपुर।** लोयला स्कूल पौधरोपण करने के साथ ही बच्चों को यातायात नियमों की विशेष रूप से जानकारी दी गई। पुलिस महानिरीक्षक संजव शुक्ला ने बच्चों को शुभकामनाएं भेंजी, जिसमें मुख्य रूप से प्राचार्य फेबियानुस मिंज, जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष चन्द्र शेखर बाजपेयी, छतीसगढ़ उच्चन्यायालय के अधिवक्ता मिथलेश कुमार पाठक, मनु कुमार मिश्रा, अमित बाजपेयी, डॉ.रश्मि, जंगल मितान के अध्यक्ष चन्द्र प्रदीप बाजपेयी, स्कूल के शिक्षक और बच्चे शामिल हुए।

### जीवधर्णी फाउंडेशन ने की बच्चों को अध्ययन सामग्री भेंट



**बिलासपुर।** जीवधर्णी फाउंडेशन ने शिवतराई, अचानकमार वन क्षेत्र बफर जोन के गाँव में शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया और बच्चों को प्रेरणा स्वरूप फार्मूला दिया जीईसी गेम्स, एजुकेशन एंड क्लीवलीनेस । तीरंदाजी के लिए विख्यात इस वन ग्राम में यहां के आदिवासी बच्चों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिवतराई का नाम रोशन किया है। सुविधाओं से दूर यहां के आदिवासी बच्चों के अध्ययन की सहूलियत के लिए जीवधर्णी फाउंडेशन ने शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया। बच्चों को अध्ययन सामग्री कॉपी, पेन भेंट की सियान चेतना अंतर्गत ग्राम के सियानों का सम्मान कर बच्चों को बताया गया की बुजुर्गों का सम्मान उन्हें स्नेहा देना और सुरक्षा देना हमारा नैतिक कर्तव्य है। पर्यावरण जागरूकता अंतर्गत बच्चों के साथ मिलकर स्कूल प्रांगण में पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में जीवधर्णी फाउंडेशन के अध्यक्ष विकास चंद्र वर्मा, मदन मोहन गुल्ला, रेखा गुल्ला, आकांक्षा जनोकर, राजा कौशिक, एच. एम. दीवान, शिक्षक एवं ग्राम पंचायत के सदस्य मौजूद थे।

### प्राथमिक शाला व आंगनबाड़ी के 100 बच्चों को वितरित की शिक्षण साामग्री



**बिलासपुर।** ग्राम नवागांव प्राथमिक विद्यालय में श्रीमती विमला तिवारी एवं राम मनोहर पांडेय द्वारा पिता राम शरण पांडेय की स्मृति में बच्चों को प्रोत्साहन देने कार्यक्रम 22 जुलाई को संपन्न हुआ। प्राथमिक शाला एवं आंगनवाड़ी के 100 छात्रों को शिक्षण सामग्री वितरित की। शाला के प्राचार्य नितिन खांडे एवं अन्य सभी कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हुआ। राम शरण पांडेय ग्राम नवागांव के निवासी थे और शिक्षा के प्रति उनका भी रुझान था। इस कार्यक्रम में बच्चों ने कविता गान करके सभी का स्वागत किया। राम शरण शर्मा के पौत्र दीपक तिवारी ग्राम सोन लोहरसी, पौत्र वधू सुप्रिया शर्मा ग्राम तुमगांव, पौत्री नीलिमा वर्मा एवं बहू अरुणा शर्मा ने भी योगदान दिया।

### लायंस क्लब सृजन ने सरकंडा थाना में किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** लायंस क्लब सृजन के द्वारा सरकंडा थाना में पौधारोपण किया गया, जिसमें पीपल आम, बादाम का पेड़ लगाया गया। इस कार्यक्रम में सरकंडा थाना के थाना प्रभारी नीलेश कुमार पाण्डे, सहायक उपनिरीक्षक देवेन्द्र तिवारी, दिनेश तिवारी तथा क्लब प्रेसिडेंट ज़ोन चेयर पर्सन श्वेता शास्त्री सेक्रेटरी लक्ष्मी देवी पासवान, कोषाध्यक्ष चित्रलेखा वर्मा तथा अन्य लायंस मेम्बर आदित्य शास्त्री,एश्वर्या शास्त्री,अक्षिता तिवारी,विवेक शास्त्री,राजेंद्र सरोज पटेल,मेनका अभिषेक शर्मा,रंजना ठाकरे,रीतू वस्त्रकार, शुभांगी श्रीवास्तव, प्रांजल साहू, घनश्याम शास्त्री,दुर्गा यादव,शांतनु पांडे,अंकित तिवारी, पूनम वर्मा उपस्थित रहे ।

### चेतना जागरुकता अभियान के तहत निकाली गई यातायात जागरूकता रैली

**बिलासपुर।** चेतना जागरुकता अभियान के तहत यातायात सड़क सुरक्षा अभियान शहीद दीपक उपाध्याय शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोपका में जागरूकता रैली निकाली गई, इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात श्री करियारे, पूर्व सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडेय, सरकंडा टीआई, मोपका टीआई, यातायात हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र सिंह, चेतना मित्र अशोक श्रीवास्तव, राजकुमार सुखवानी, अब्दुल भाई, कुनाल केडिया, सुनील राय, विकास वर्मा, एके कंठ, तापस सरकार, सात्विक सराफ, चंद्र किशोर प्रसाद, उपमा अग्रवाल, पार्षद तिलक साहू, स्कूल के समस्त स्टाफ सहित 460 बच्चे शामिल हुए। यह जानकारी सपना महिला समिति की अध्यक्ष सपना सराफ ने दी।

---

**जनप्रतिनिधियों की मांग पर रेलवे ने बनाई योजना**

**आटो चालक 200 से 400 रुपए तक यात्रियों से करते हैं वसूल**

# बिलासपुर से उसलापुर स्टेशन तक चलाई जाएगी निःशुल्क एसी बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर और बिलासपुर स्टेशन के बीच आने-जाने वाले यात्रियों को जल्द ही निःशुल्क एसी बस की सुविधा रेल प्रशासन की ओर से दी जाएगी। रेल अफसरों ने यह योजना जनप्रतिनिधियों की मांग और आटो चालकों की मनमानी व दादागिरी को देखते हुए बनाई है, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हावड़ा से मुम्बई की ओर जाने वाली ट्रेनों के अलावा अन्य मेट्रो स्टेशन के लिए एक्सप्रेस, मेल, दूरंतो, वंदेभारत का परिचालन किया जाता है। वहीं गोंदिया, दुर्ग, रायपुर से कटनी की ओर सभी गाड़ियों को उसलापुर रेलवे स्टेशन से डायवर्ट कर दिया गया है। रेलवे ने दुर्ग, गोंदिया से बिलासपुर आने वाली डायवर्ट करने का निर्णय इसलिए लिया है, क्योंकि ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पर आने के बाद बार-बार इंजन चेंज करने के झंझट में ट्रेनों की समय-सारिणी प्रभावित होती थी। बिलासपुर आने वाली चार मुख्य ट्रेनों में दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित ऊधमपुर एक्सप्रेस और दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस शामिल हैं। इन ट्रेनों के उसलापुर रेलवे स्टेशन से चलने के कारण बिलासपुर स्टेशन के करीब 7 हजार से अधिक यात्री भी डायवर्ट हो चुके हैं। कटनी, शहडोल, अनूपपुर, पेण्ड्रा के यात्रियों को अगर हावड़ा या फिर मुम्बई की ओर और रायगढ़, चांपा, कोरबा, झारसुगुड़ा के यात्रियों को प्रयागराज, बनारस, लखनऊ व कटनी रूट की ओर जाना होता है तो यात्रियों को बिलासपुर और उसलापुर स्टेशन तक की दौड़ लगानी पड़ती है। इसका सबसे अधिक फायदा आटो चालक उठाते हैं। उसलापुर से बिलासपुर हो या फिर बिलासपुर स्टेशन से उसलापुर स्टेशन तक यात्रियों को छोड़ने के लिए आटो चालक 200 से 400 रुपए तक वसूल करते हैं। आटो चालकों की मनमानी कीमत यात्रियों को मजबूरी में देना पड़ता है।

आटो चालकों की मनमानी और दादागिरी के कारण यात्री के साथ रेल प्रशासन के अफसर भी काफी परेशान हो चुके हैं। अब आटो चालकों पर लगाम कसने के लिए रेल प्रशासन ने एक एसी बस की सुविधा शुरु करने का निर्णय ले लिया है, जिसमें बिलासपुर से उसलापुर और उसलापुर स्टेशन से बिलासपुर स्टेशन में फ्री में आने-जाने की सुविधा यात्रियों को मिलेगी।

### परेशानी है आटो चालकों से

रेल अफसरों के अनुसार आटो चालकों से बिलासपुर के साथ उसलापुर स्टेशन में यात्रियों को काफी परेशानी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ जेडआरयूसीसी, डीआरयूसीसी की मीटिंग में आटो चालकों की दादागिरी से यात्रियों के परेशानी के संबंध में कई बार चर्चा की गई है। इसे रोकने के लिए उसलापुर रेलवे स्टेशन में बेरियर लगाने का काम भी कर दिया गया, लेकिन आटो चालक वहां भी किराया देने को तैयार नहीं है। इसके कारण एक निःशुल्क एसी बस चलाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें यात्री उसलापुर से बिलासपुर फ्री में आना-जाना कर सकेंगे। इसकी शुरुआत जल्द ही कर दी जाएगी।

---

**एयरपोर्ट की तर्ज पर पर जोन के पहले रेलवे स्टेशन में की गई पार्किंग में व्यवस्था**

# स्टेशन में एंट्री के लिए पार करना होगा बूम बेरियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एयरपोर्ट की तरह अब आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में नई पार्किंग की व्यवस्था शुरु कर दी गई है, जहां स्टेशन परिसर में एंट्री करने वाले यात्रियों और उनके परिजन को अपने वाहन बूम बेरियर से पार करना होगा।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के उपस्टेशन के रूप में आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करते हुए 14 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकसित करने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है। रेलवे के अनुसार यह सारे कार्य यात्रियों की सुविधा के लिए हो रहे हैं, लेकिन यात्री सुविधाएं कम और स्टेशन में केवल चमक दमक ही ज्यादा दिखाई दे रहे हैं। बिलासपुर स्टेशन की तरह रेलवे स्टेशन उसलापुर में तीन दर्जन से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, गरीबरथ, पैसेंजर और लोकल ट्रेनों का स्टापेज दिया जा रहा है। प्रतिदिन उसलापुर रेलवे स्टेशन से चलने वाली गाड़ियों में पांच हजार से अधिक यात्रियों का आना-जाना होता है। इसके हिसाब से स्टेशन में सबसे अधिक यात्रियों की भीड़ सुबह और रात में अधिक रहती है। अमरकंटक, सारनाथ जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों में कटनी, प्रयागराज, बनारस जाने वाले यात्री शहर के साथ आसपास के क्षेत्रों से भी उसलापुर रेलवे स्टेशन में पहुंचते हैं। इसमें ऐसे भी यात्री होते हैं, जिन्हें छोड़ने के लिए उनके परिजन जाते हैं। लोगों को सबसे अधिक परेशानियां वाहनों को रखने में होती है। स्टेशन में दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए जगह तो दी गई है, लेकिन इस पार्किंग में कर्मचारियों के साथ प्रतिदिन विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है। पार्किंग के कर्मचारी यात्रियों को छोड़ने वाले परिजन से बिना गाड़ियों को रखे किराए के पैसे मांगते हैं। इस तरह की कई परेशानियों को देखते हुए बिलासपुर रेल मंडल के कामर्शियल विभाग ने एयरपोर्ट की तर्ज पर जोन के पहले रेलवे स्टेशन उसलापुर में बूम बेरियर की व्यवस्था शुरु कर दी है।



निर्माण के बाद साफ सुथरा दिखता उसलापुर रेलवे स्टेशन।

### आटो वाले नहीं देंगे किराया



बिलासपुर रेलवे स्टेशन की तरह उसलापुर रेलवे स्टेशन में भी आटो चालकों ने अपना कब्जा जमाकर रखा हुआ है। पेट्रोल आटो के साथ अब इलेक्ट्रिक आटो वाले भी स्टेशन क्षेत्र में आ गए हैं। इन आटो चालकों को आरपीएफ और रेल प्रशासन की कार्रवाई का किसी तरह का भय नहीं है, जिसके कारण वे अपने वाहनों को इधर-उधर खड़े कर देते हैं। रेल प्रशासन के अफसरों ने विशेषकर बूम बेरियर आटो वालों पर लगाम कसने के लिए लगाया है, ताकि आटो पार्किंग करने के लिए वे भी किराया दे सकें। इसके लिए महीने का रेलवे ने 300 रुपए तय किया है, लेकिन आटो चालक रेलवे को किराया देने के पक्ष में नहीं है। इसकी वजह से भी काफी परेशानी हो रही है।

### मशीन देगी किराए की जानकारी

उसलापुर रेलवे स्टेशन की पार्किंग को एयरपोर्ट की तरह बनाकर नए तरीके से अपग्रेड करते हुए मशीन लगाई गई है। इसमें लोगों के पास रखी पार्किंग रसीद में दिए गए समय के अनुसार उसे रीड कर मशीन चार्ज के संबंध में जानकारी देगी। इससे मनमाने रकम लेने पर काफी हद तक काबू लगेगा और यात्रियों को मशीन से मिली रसीद के अनुसार राशि देने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

### ड्राप एंड गो का समय 7 मिनट

उसलापुर रेलवे स्टेशन के एंट्री में टोल प्लाजा की तरह एक बूम बेरियर लगाया जाएगा। इस बेरियर के बाद एक गुमटी बनाई जाएगी, जहां ठेकेदार का कर्मचारी बैठेगा। बेरियर को पार करने के बाद गाड़ी मालिक को कर्मचारी एक टिकिट देगा। टिकिट को लेने के दौरान व्यक्ति को किसी तरह का चार्ज न देकर उसे संभालकर रखना होगा। अगर कोई व्यक्ति अपने परिजन को स्टेशन के अंदर छोड़ने जा रहे हैं तो उन्हें सात मिनट के अंदर स्टेशन से बाहर निकलकर अपनी गाड़ी लेनी होगी। इसके लिए उन्हें किसी तरह का चार्ज नहीं लगेगा। सात मिनट से अधिक होने पर नार्मल पार्किंग का चार्ज गाड़ी मालिक को देना होगा।

---



# तेलुगु समाज का गौरव सम्मान समारोह 27 को

**बिलासपुर।** तेलगु भाषी समाज का रविवार 27 जुलाई को एक भव्य गौरव सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शहर के रेलवे नॉर्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट सभागार, बुधवारी बाजार में शाम 6 से 8 बजे तक संपन्न होगा। इस अवसर पर तेलुगु समाज का नाम प्रदेश और शहर में रोशन करने वाले चार विशिष्ट व्यक्तित्वों को समाज की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इनमें छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉर्पोरेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, नगर निगम की महापौर श्रीमती एल.पद्मजा, सेंट जेवियर्स स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ.जीएस पटनायक तथा अमिटी ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटी के सीनियर डायरेक्टर डॉ. रुण पटनायक शामिल हैं।

आयोजन को सफल बनाने के लिए हाल ही में रेलवे क्षेत्र स्थित बालाजी मंदिर में तेलुगु समाज के विभिन्न संगठनों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह कार्यक्रम न केवल एक सम्मान समारोह होगा बल्कि इसे तेलुगु संस्कृति और परंपराओं के उत्सव के रूप में भी प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक के दौरान आयोजन समिति के प्रमुख एवं रेलवे क्षेत्र के पूर्व पार्षद तथा कोरबा विधानसभा प्रभारी वी. रामाराव ने बताया कि श्रीनिवास राव मद्दी, एल. पद्मजा, डॉ. जीएस पटनायक और डॉ. अरुण पटनायक जैसे व्यक्तित्वों ने अपने कार्यों से तेलुगु समाज का गौरव बढ़ाया है।

सम्मान समारोह के साथ तेलुगु समाज की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने वाले पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी होंगी। बच्चों और युवाओं द्वारा तैयार किए जा रहे इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज की नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना और परंपराओं को जीवंत रखना है। कार्यक्रम में पहले सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इस आयोजन में तेलुगु समाज के कई संगठन मिलकर काम कर रहे हैं।

---

# वैज्ञानिक निःस्वार्थ भाव के साथ समाजोपयोगी शोध करता है: कुलपति



**बिलासपुर।** सीयू नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय की जीव विज्ञान विद्यापीठ के वनस्पति विभाग द्वारा डीएसटी-फिस्ट के सहयोग से दो दिवसीय जीजीवी स्टूडेंट साइंस कांग्रेस जीएसएससी2025 का आयोजन गुरुवार और शुक्रवार को किया गया। पहले दिन आयोजित जीजीवी स्टूडेंट साइंस कांग्रेस 2025 के उद्घाटन समारोह में मंचस्थ अतिथियों में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल, प्रो. नीलांबरी दवे, पूर्व कुलपति सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, गुजरात, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. एएस रणदिवे, प्रो. सीमा राय, अधिष्ठाता जीव विज्ञान विद्यापीठ, प्रो. एचएस तिवारी, अधिष्ठाता, भौतिकीय विज्ञान विद्यापीठ उपस्थित रहे। संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री चक्रवाल ने कहा कि वैज्ञानिक बिना किसी स्वार्थ के समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए शोध कार्य संपादित करता है। शोध, अनुसंधान एवं नवाचार के लिए संसाधनों की आवश्यकता होती है, लेकिन केवल संसाधनों के आधार पर शोध संभव नहीं है। सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे ने संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए श्रेष्ठ शोध करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों की इस साइंस कॉग्रेंस में श्री अनुराग द्विवेदी एवं सुश्री चंद्रलेखा पिपारिया ने संयोजक के दायित्व का निर्वाहन किया।

# एसईसीएल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक



**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर स्थित प्रशासनिक भवन सीएमडी सभाकक्ष में कम्पनी स्तरीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक गुरुवार को निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, उप महाप्रबंधक मनीष श्रीवास्तव, मुख्यालय के समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों, नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री दास ने कहा कि राजभाषा हिंदी में कार्य करने से कार्य में गुणवत्ता बढ़ जाती है, अतः हमें स्वेच्छा से प्रेरित होकर राजभाषा हिंदी में अधिकाधिक कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी क्षेत्रों और मुख्यालय में माह सितंबर में आयोजित राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन करने का निर्देश दिया। बैठक में क, ख एवं ग क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के साथ हिंदी मुख्यालय के समस्त विभागों एवं समस्त क्षेत्रों की हिंदी पत्राचार प्रतिशतता बढ़ाने, राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) का अनुपालन सुनिश्चित करने, अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिए जाने, नोटशीट हिंदी में प्रस्तुत करने तथा छोटी-छोटी टिप्पणियां केवल हिंदी में लिखने, कंपनी में प्रयोग में आने वाले मानक प्रपत्रों तथ कम्पनी की वेबसाईट द्विभाषी रूप में तैयार करने संबंधी कार्यसूची पर चर्चा हुई। बैठक में एसईसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के जनवरी-जून 2025 अवधि की हिंदी प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

---



# मार्क हॉस्पिटल परिसर में निकली कलश यात्रा, शामिल हुए श्रद्धालु

**बिलासपुर।** मार्क हॉस्पिटल सरकंडा परिसर में दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन के अंतर्गत भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा और स्थापना विधि विधानपूर्वक संपन्न हुई।

कार्यक्रम के प्रथम दिन गौरी-गणेश पूजन, पीठ पूजन और अनाधिवास की विधियां पूर्ण श्रद्धा और मंत्रोच्चार के साथ, दूसरे दिन 23 जुलाई बुधवार को विभिन्न आधिवास पूजाएं जैसे फलाधिवास, पुष्पाधिवास, वस्त्राधिवास एवं शय्याधिवास संपन्न हुईं। प्रातः 10 बजे धूमधाम से शिव बारात निकाली गई जिसने पूरे माहौल को शिवमय कर दिया। 11 बजे शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा, दोपहर 12 बजे रुद्राभिषेक एवं दोपहर 2 बजे हवन और आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन भंडारे और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. कमलेश कुमार मौर्य, डॉ. रेनू बाला मौर्य, अनुष्का मौर्य, रीटा वर्मा, महेंद्र सिंह वर्मा, आलोक सिंह ठाकुर, श्रीमती ऋतु पाण्डे एवं मार्क हॉस्पिटल और नर्सिंग कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में डॉ. आशीष पुरोहित, डॉ. सरवजीत मरावी एवं डॉ. अरुण अग्रवाल भी शामिल हुए।

---

**बारिश में बिगड़ सकती है तबीयत इसलिए तीन माह बाद लाने का निर्णय**

# कानन जू को नर टाइगर का करना होगा इंतजार

**बिलासपुर।** चार माह पहले कानन पेण्डारी जू में व्हाइट टाइगर की संख्या बढ़ाने के लिए एक नर टाइगर को ग्वालियर से लेने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए ग्वालियर जू ने भी अपनी सहमति दे दी थी। यह निर्णय कुछ तकनीकी कारणों से टाल दिया गया, जिसके कारण अब जू के दो मादा व्हाइट टाइगरों को नर टाइगर के आने का इंतजार करना पड़ेगा।

कानन पेण्डारी जू में पहले व्हाइट टाइगर की संख्या तीन थी, जिसमें दो मादा में से एक 10 वर्ष की बाघिन थीं। वहीं एक नर और एक मादा व्हाइट टाइगर इसी टाइग्रेस से कानन पेण्डारी में जन्म लिए थे। इनके परिवार में वंशवृद्धि करने के लिए कानन पेण्डारी जूलॉजिकल पार्क प्रबंधन को एक स्वस्थ और व्यस्क व्हाइट टाइगर की आवश्यकता थी। एक नर और एक मादा व्हाइट टाइगर एक ही टाइग्रेस की संतान थे, जिसके कारण इनसे वंशवृद्धि आगे बढ़ाने में कानन प्रबंधन को रूचि नहीं थी। अन्य जू में व्हाइट टाइगर से ब्रीडिंग के लिए मेल व्हाइट टाइगर की तलाश शुरु कर दी गई। मेल व्हाइट टाइगर को कानन जू में लाने के लिए देश के सभी



जू प्रबंधक से संपर्क किया गया था, जिसमें कानन प्रबंधन को जानकारी मिली कि ग्वालियर वन्यप्राणी संग्रहालय में व्हाइट टाइगर की संख्या अधिक है और उसे संग्रहालय देना चाह रहा है। कानन पेण्डारी प्रबंधन ने व्हाइट टाइगर को ग्वालियर से कानन जू में लाने के लिए एक प्रस्ताव बनाकर सीजेडए यानि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली को भेजा था। प्रबंधन के प्रस्ताव को सीजेडए की ओर से हरी झंडी दे दी गई। सीजेडए से प्रस्ताव पास होने के बाद कानन जू प्रबंधन ने इंदौर वन्यप्राणी संग्रहालय प्रबंधन से चर्चा की, जिसपर व्हाइट टाइगर के कानन जू में भेजने के बाद भालू और चौसिंघा लेने पर सहमति बनी। इस सहमति के बाद ग्वालियर से कानन पेण्डारी जू में व्हाइट टाइगर आने के बाद संख्या 3 से चार हो जाती, लेकिन कुछ दिन पहले कानन पेण्डारी में जन्म लिए व्हाइट टाइगर आकाश ने दम तोड़ दिया। व्हाइट टाइगर की मौत हार्ट अटैक से होने की जानकारी डॉक्टर ने दी।

### सुरक्षा को देखते हुए निर्णय

कानन पेण्डारी जू में एक व्हाइट टाइगर को लाया जाना है। गर्मी के बाद बारिश के मौसम को देखते हुए अभी टाल दिया गया है। मौसम में बदलाव का असर भी वन्यप्राणियों पर होता है। ग्वालियर से बिलासपुर लाते तक अगर वन्यप्राणी व्हाइट टाइगर को कुछ हो जाता है तो परेशानी भी होगी। व्हाइट टाइगर लाने के बाद वहां चौसिंघा और भालू को भी भेजा जाना है। वन्यप्राणियों की सुरक्षा को देखते हुए ही इसे ठंड के मौसम में लाने का निर्णय लिया गया है, जिससे टाइगर की सुरक्षा भी बनी रहेगी।

**-यूआर गणेश**, डिप्टी डायरेक्टर और डीएफओ, कानन पेण्डरी जू और एटीआर

---



# तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सम्मानित

**बिलासपुर।** सीबीएसई फार ईस्ट जोन तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 जुलाई तक मध्य चटर्जी ग्लोबल स्कूल, नादिया पश्चिम बंगाल में किया गया था।

इस प्रतियोगिता में बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल के दो विद्यार्थी युवराज गोरख और मोहम्मद आदिल कुरैशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त कर आगामी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगता में स्थान सुनिश्चित किया है। दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और पदक प्राप्त करने के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रेशु जैन ने कहा कि यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खेल शिक्षक और कोच अभिषेक दुबे का भी सहयोग रहा।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





हरिभूमि और डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय द्वारा हरियाली अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय परिसर में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष, कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी, सहित सभी विभागाध्यक्षों, विभिन्न संकाय के अध्यक्षों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया।




# हरिभूमि का अभियान: रमन विवि परिसर में लगाए गए पौधे

**बिलासपुर।** कुलपति ने कहा कि पौधों के बड़े होते तक निगरानी करने से ही हम पृथ्वी के ऋण से मुक्त हो सकते हैं।हरिभूमि और डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय द्वारा वर्षों से सामाजिक सरोकार के आयोजनों के साथ ही कला, संस्कृति, साहित्य और शिक्षा जगत के अनेक आयोजन निरंत किए जाते हैं। विश्वविद्यालय प्रांगण के अलावा शहरी क्षेत्र में वृहद पौधारोपण अभियान में भी सीवी रमन विश्वविद्यालय और हरिभूमि परिवार एक साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। यही कारण है कि आज शहर के चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों में लगाए गए पौधे आज वृक्ष बनकर लोगों को छाया दे रहा है। हरिभूमि से सहायक प्रबंधक अरूण ज्योतिषी,राजेश सानन,शेख असलम,नवीन मिश्रा,अंजना शर्मा,डेजीनाथ,भूवन देवांगन,नाजिया खान मौजूद थे।








## पोषित करने का भी लें संकल्प : प्रो. घोष

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि हमें पौधारोपण करने के साथ ही उस पौधे को पोषित करने का भी संकल्प लेना चाहिए। यदि हम एक पौधा लगाते हैं, तो उसमें नियमित रूप से पानी डालें। उसे जानवरों से बचाएं। उसके बड़े होते तक उसकी निगरानी भी करें। तभी हम वास्तव में इस पृथ्वी के ऋण से मुक्त हो सकेंगे।

## हरिभूमि के हर आयोजनों में मिलता है साथ : परिहार

हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने कहा कि हरिभूमि रंगोली, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी व स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता के साथ ही कला, संस्कृति, साहित्य, शिक्षा के क्षेत्र के विभिन्न आयोजन निरंतर करते रहता है। इन सभी आयोजनों में डॉ सीवी रमन विश्व विद्यालय परिवार हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलता है। उन्होंने इन सभी कार्यो में हरिभूमि के साथ होने के लिए विश्वविद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया।

## 3 हजार पौधे लगाने का है संकल्प : डॉ तिवारी

विश्व विद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि नए पौधे लगाने के साथ ही लगे हुए पेड़ों का संरक्षण एवं संवर्धन आवश्यक है। हरिभूमि और डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में वर्षों से एक साथ कार्य कर रहा है। सामाजिक सरोकार के इस बड़े अभियान में विश्वविद्यालय द्वारा पौधारोपण और एक पेड़ मां के नाम की कड़ी में 3 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इसकी शुरुआत हरिभूमि की हरियाली अभियान के तहत की गई है। उन्होंने हरिभूमि परिवार को इस अभियान के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कोटा के ग्रामीण अंचल व ग्राम पंचायत स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। विश्व विद्यालय द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गए ग्राम टाडा, पांडाकापा, अमने, जोगीपुर, पथर्रा में पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा बिलासपुर शहर के विभिन्न स्थानों में भी पौधारोपण किया जाएगा। इस अभियान में पौधा लगाने के साथ ही उसे पोषित करने की जिम्मेदारी भी कमेटी को दी जाएगी।

## पेड़ की रक्षा से जीवन की होगी रक्षा : डांडिया

केंद्रीय रेशम बोर्ड से आए डॉ एसबी डांडिया चेयरमैन सीड एडवाइजरी कमेटी व पूर्व निदेशक केन्द्रीय रेशम बोर्ड ने कहा कि धर्म की हम रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा, की अवधारणा के स्थान पर अब हम पेड़ की रक्षा करेंगे तो पेड़ हमारे जीवन की रक्षा करेगा, की सोच होनी चाहिए। इस अभियान के दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ एमके तिवारी, विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो. एके श्रीवास्तव, कला संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रो. वेद प्रकाश मिश्रा, अधिष्ठाता एकेडमी डॉ जयशंकर यादव, डिस्टेंस एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ अभिषेक पाठक, डॉ काजल मोइत्रा, डॉ रश्मि वर्मा, डॉ अनुपम तिवारी, डॉ आरके सिंह, डॉ श्वेता साव, डॉ अमित शर्मा, डॉ गुरप्रीत बग्गा, डॉ रीना तिवारी, डॉ एसके तिवारी, डॉ निकेत शुक्ला, डॉ साकेत सिंह चंदेल डायरेक्टर एडमिशन देवेंद्र यादव, डिप्टी रजिस्ट्रार लोकेश थिटे, डॉ मयंक सिंह परिहार, अमित जायसवाल, डॉ अभिनव शुक्ला, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ अभिषेक शुक्ला, लेफ्टिनेंट संदीप सिंह ठाकुर, केंद्रीय रेशम बोर्ड के डॉ मंथिरा मूर्ति, डॉ जयममा राजू, डॉ टी सेलवकुमार, डॉ केएम पनवेल, डॉ के झांसी, लक्ष्मी, साउदामिनी पीवी, डॉ जेपी पाण्डेय, डॉ एमएस राठौड़, डॉ हंसनफ नादेफ, डॉ आर सरवदश कुमार, डॉ एस मोहनराज, डॉ माला, एन कुजे कमल ने पौधरोपण किया।

कार्यक्रम

## आर्ट ऑफ लिविंग ने जेल में किया हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन



**बिलासपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा जेल परिसर में महिला बंदियों के लिए हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह प्रोग्राम आर्ट ऑफ लिविंग ने राज्यभर में जेल प्रशासन के लिए आयोजित किया। इस प्रोग्राम में 63 कैदियों सहित 80 लोगों ने भाग लिया। इस कोर्स का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग जिला कोऑर्डिनेटर के सीनियर टीचर रूपा सिंह, शिक्षक मौसमी शुक्ला एवं सुषमा ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में जेलर खोमेश मंडावी का मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हुआ।

भ्रमण

## सिकासा के इंडस्ट्रियल विजिट में उद्योग को देखा करीब से




बिलासपुर। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की शाखा के अधीन संचालित सिकासा द्वारा विद्यार्थियों को औद्योगिक क्षेत्र की व्यवहारिक जानकारी देने के लिए इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन एग्रो टेक प्राइवेट लिमिटेड सीपत में किया गया।
इस विजिट के दौरान छात्रों ने कंपनी की उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, सप्लाई चेन मैनेजमेंट और फैक्ट्री संचालन जैसे पहलुओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। उन्हें उद्योग की आंतरिक कार्यप्रणाली और व्यावसायिक चुनौतियों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर सीए विवेक अग्रवाल और सीए गौरव गुप्ता जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों ही चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और अपने अनुभवों के माध्यम से उन्हें उद्योग, प्रोफेशनलिज्म और करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। सिकासा बिलासपुर का यह प्रयास छात्रों के अकादमिक और व्यवहारिक ज्ञान को जोड़ने की दिशा में एक अत्यंत सराहनीय पहल रही।

# महिलाओं ने उत्साह से मनाया सावन उत्सव

## सावन क्वीन चुन कर वितरित किए पौधे, गेम का लिया आनंद

**बिलासपुर।** सावन की अमावस्या पर गुरुवार को शहर की अनेक महिला संगठनों ने सावन उत्सव उत्साह से मनाया। महिला जागृति समूह बिलासपुर ने बरखा महोत्सव 2025 का आयोजन किया। इसमें 60 से अधिक पौधे भी वितरित किए गए। पंचुअल्टी में प्रथम आभा सिंह, द्वितीय रश्मि उपाध्याय, तृतीय रश्मि पाण्डेय रही।

महोत्सव का शुभारंभ सभी अतिथियों, पदाधिकारियों व सदस्यों का स्वागत ढोल की धुन पर थिरकते हुए चंदन रोली का तिलक लगा, फूल माला, सुहाग सामग्री वितरण के साथ किया गया। प्रभा मूर्ति, सीता गुप्ता, अध्यक्ष डॉ ज्योति सक्सेना, अतिथि निशा क्षत्रिय, डॉ आरती पाठक, डॉ संगीता बनाफर, समूह की कोषाध्यक्ष डॉ आरती पांडेय ने दीप प्रज्वलित किया। अध्यक्ष डॉ सक्सेना ने सावन माह के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया। सुमिता दास गुप्ता ने सरस्वती वंदना व कजरी गायन किया। सावन थीम पर गीत, कविता, भजन, कजरी, एकल नृत्य, ग्रुप डांस पेश कर लकी गेम का आनंद लिया गया। रैंप वॉक भी हुआ। बरखा सुंदरी का चुनाव लकी ड्रा से किया गया।



**ये रहीं विजेता:** एकल गीत में प्रथम सुमिता दास गुप्ता, द्वितीय अर्चना कार्डेकर, तृतीय डॉ रीता तिवारी, सावन थीम पर कविता में प्रथम स्थान अनिता दुआ, एकल नृत्य में प्रथम नेहा पांडेय, द्वितीय प्रगति पांडेय, तृतीय प्रीति धीरेन्द, एकल नृत्य में विशेष स्थान रेनू रानी गौतम, अनिता दुआ, रश्मि उपाध्याय, छाया ठकराल, रैंप वॉक में प्रथम दीपा पांडेय, द्वितीय प्रगति पांडेय, तृतीय सीमा तिवारी, ग्रुप डांस में प्रथम प्रगति पांडेय ग्रुप, द्वितीय डॉ .रीता तिवारी ग्रुप एवं तृतीय स्थान पर मीनू चंद्राकर ग्रुप रहा। लकी ड्रा से बरखा सुंदरी 2025 का ताज सुनीता पांडेय को पहनाया गया। मेघा सुंदरी आशा उज्जैनी व रिमझिम सुंदरी भूमिका डोडेजा व सावन सुंदरी 2025 प्रीति धीरेंद्र रही। जजेज प्राइज पद्मजा सिन्हा को मिला। दानदाता सम्मान डॉ रंजना चतुर्वेदी, शोभा गुप्ता, रेनू रानी गौतम, जयश्री साहू, नंदिनी तिवारी को दिया गया। डॉक्टर सम्मान से डॉ आरती पांडेय, योग गुरु सम्मान अनिता दुआ, तकनीकी सहयोगी सम्मान भूमिका डोडेजा, प्रिय राम परिहार को दिया गया। कई एक्टिव मेंबर्स को विशेष सहभागिता सम्मान से सम्मानित किया गया। सभी प्रतियोगिता की निर्णायक निशा क्षत्रिय, डॉ संगीता बनाफर, डॉ आरती पाठक रहीं। सभी प्रतिभागियों को गिफ्ट, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



## लेडिस क्लब की महिलाओं ने सावन उत्सव मनाया

नर्मदा नगर में लेडिस क्लब की महिलाओं ने रंगारंग कार्यक्रम कर सावन उत्सव मनाया। उत्सव में कार्यक्रम की शुरुआत आभा गुप्ता के मोबाइल विषय पर कविता पाठ से हुई, पंक्चुअलिटी गेम की विजेता रमा बरेठ रहीं। 3 राऊंड में हुए सावन सुंदरी प्रतियोगिता के रोचक गेम में पुष्पा कश्यप विजेता चुनी गईं। हास्य कविताओं और प्रश्नावली का दौर चलता रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनीता जोशी अध्यक्ष, नंदिनी मुदलियार उपाध्यक्ष, प्रिया सिंह सचिव, सोमा गोस्वामी कोषाध्यक्ष,रोशनी अंबवानी और सस्मिता का विशेष योगदान रहा।



## गेम का आनंद लेकर गाए गीत

लायंस क्लब वसुंधरा द्वारा कोषाध्यक्ष विनीता मिश्रा के निवास स्थान में आयोजित सावन उत्सव में विभिन्न प्रकार के गेम का आनंद लिया गया। मेहंदी एवं गीत-संगीत प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें विजेताओं को अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा ने उपहार देकर सम्मानित किया। गेम की रूपरेखा सचिव अर्चना तिवारी ने बनाई। इस मौके पर डॉ शोभा त्रिपाठी, सलमा बेगम, सावित्री जायसवाल, सुधा परिहार, मंजू तिवारी, शोभा चाहिल, गायत्री कश्यप, शारदा कश्यप, मंजुला शिंदे, चांदनी सक्सेना, साधना दुबे, उषा मुदलियार, संजना मिश्रा, मंगला कदम, अंबुज पांडेय, मंगला देवरस, रत्ना खरे की उपस्थिति रही।



# लोक पर्व हरेली पर किसानों ने की कृषि औजारों की पूजा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा और कृषि परंपरा से जुड़ा प्रमुख लोक पर्व हरेली तिहार गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। किसानों ने पारंपरिक रीति-रिवाज से कृषि औजारों की पूजा-अर्चना कर अच्छी फसल होने की कामना की। चावल आटे से तैयार बबरा के भोग लगा कर नारियल फोड़े गए।

छत्तीसगढ़ की धरती पर जब सावन की पहली अमावस्या दस्तक देती है, तो प्रकृति के हर कोने में हरियाली की गूंज सुनाई देने लगती है। इसी उल्लास और जीवंतता का प्रतीक 'हरेली तिहार' है। यह त्यौहार न केवल कृषि जीवन का उत्सव है बल्कि छत्तीसगढ़ की गहराई से जुड़ी संस्कृति, परंपरा और लोकचेतना की झलक भी है। प्रदेश के खासकर ग्रामीण इलाकों में यह पर्व बड़े उत्साह से मनाया गया। घरों में नीम की टहनियां लगाई गई। माना जाता है कि इससे घर की नकारात्मक शक्तियां



दूरी होती है। वहीं कई तरह के पकवान बनाए गए। बच्चे गेड़ी तो युवा वर्ग नारियल फोड़ स्पर्धा का आनंद लिए। खेती किसानी की तैयारियों के बीच धरती माता के अभिवादन का त्यौहार भी इसे मानते हैं।

## बिलासा कला मंच का हरेली तिहार उत्सव

माँ सती दाई मंदिर परिसर उच्चभट्ठी,सीपत में बिलासा कला मंच का 34 वां हरेली तिहार उत्सव धूमधाम से आयोजित हुआ। मंच के संस्थापक डॉ सोमनाथ यादव के नेतृत्व में लगभग 60 सदस्य सपरिवार शहर से दूर ग्राम उच्चभट्ठी में एक साथ पहुंचकर हरेली तिहार उत्सव का हुआ। बिलासा कल मंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास ने सभी सदस्यों को माँ सती दाई मंदिर का दर्शन कराया,ग्राम के सदस्य उदय राम यादव ने मंदिर स्थापना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संयोजक रामेश्वर गुप्ता के मार्गदर्शन में महिलाओं का कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता हुई मंच के संरक्षक डॉ सुधाकर बिबे ने सत्तुल खेल का आयोजन कराया जिसमें बिनु सिंह नेताम प्रथम,प्रदीप निरनेजक द्वितीय स्थान पर रहे। रस्साकशी प्रतियोगिता पुरुषों और महिलाओं के बीच हुआ जिसमें महिलाओं ने बाजी मारी। कोषाध्यक्ष अनूप श्रीवास के देखरेख में नारियल फेंक प्रतियोगिता में सभी सदस्यों ने हाथ आजमाए,सचिव अश्विनी पांडे के नेतृत्व में गेंड़ी दौड़ का आयोजन हुआ। इसमें कवियित्री आरती राय,रश्मि रामेश्वर गुप्ता,लेखनी जाधव, प्रदीप निरनेजक,विनु सिंह नेताम,दिनेश्वर जाधव,केवलकृष्ण पाठक,डॉ सोमनाथ मुखर्जी,शत्रुघ्न जैसवानी मौजूद रहे।

## करनाधार नदी की पुलिया के उपर बह रहा पानी



*भर्रीडांड़। जीपीएम के अंतिम छोर में बसे गांव ग्राम पंचायत उषाढ़ के बीचो बीच बहने वाली नदी करना धार ग्राम पंचायत बेलझिरिया को उषाढ़ एवं ब्लॉक मुख्यालय मरवाही को आपस में जोड़ती है। लगातार बारिश होने से नदी का पुल छोटा तथा जर्जर होने के कारण जलमग्न हो चुका है, जिसे लोग जान जोखिम में डालकर पार करने को मजबूर हैं। इस पुल पर गुरुवार सुबह लोगों की सूझ बूझ से एक अप्रिय घटना होते-होते बच गई। दरअसल लालघाट बेलझिरिया निवासी अनीत पाव इस जलमग्न पुल को पार कर बरौर की ओर जाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन इसी दौरान वे मोटर साइकिल समेत बह गए। लेकिन वहां आस-पास मौजूद लोगों ने समय रहते उनको पकड़ लिया और सकुशल बाहर निकाल लिया।*

### नदी-नाले उफान पर, अमरकंटक-केवची-बिलासपुर मुख्य मार्ग बंद

# पेंड्रा इलाके में भारी बारिश, दो पुल बहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

पेंड्रा इलाके में कल रात हुई भारी बारिश के कारण नेशनल हाईवे पर आवागमन बंद हो गया है, केवची और पीपर खुटी के बीच कौहा नाला में बने दोनों डायवर्शन पुल बह गए हैं। इस कारण पेंड्रा-केवची-अमरकंटक और अमरकंटक-केवची-बिलासपुर मुख्य मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है। अमरकंटक से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालु केवची में फंस गए हैं। वर्तमान में, श्रद्धालुओं और यात्रियों के पास अचानकमार टाइगर रिजर्व वाला रास्ता बचता है, लेकिन इस मार्ग पर आवागमन प्रतिबंधित है। प्रशासन और संबंधित अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और मार्ग को जल्द से जल्द बहाल करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं इसके पहले भी इस जगह पर बारिश की शुरुआती दौर में ही डायवर्सन पुल बह गया था और आवागमन भी बंद हो गया था। इसमें नेशनल हाईवे के ठेकेदार और नेशनल हाईवे अधिकारियों इंजीनियर और एसडीओ की लापरवाही की बात भी सामने आ रही है जिन्होंने बारिश के मद्देनजर भी सड़क बनाने के पहले कोई वैकल्पिक मार्ग का निर्माण नहीं किया और अब बार-बार इसी इलाके में आवागमन बंद हो रहा है। वही बिलासपुर से अमरकंटक जाने के लिए अब लोगों को काफी लंबा सफर तय करना पड़ रहा है।



**नदी-नाले उफान पर**

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में रात हुई तेज बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। मरवाही के उसाढ़ और बेलझिरिया को जोड़ने वाले धार नदी का पानी पुल के ऊपर से तेज बहाव के साथ बह रहा था, जिसमें एक युवक अपनी बाइक समेत बह गया। हालांकि, स्थानीय लोगों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक की जान बचा ली। वह जलमग्न पुल को पार करने की कोशिश कर रहा था।

**सुरक्षा व्यवस्था**

बाढ़ के बावजूद रपटा पुल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की टीम नजर नहीं आई। लोग जान जोखिम में डालकर नदी-नाले पार करते हुए देखे गए। इस तरह की घटनाएं प्रशासन की तैयारियों पर सवाल उठाती हैं।

**बारिश से प्रभावित क्षेत्र**

पेंड्रा से साधवानी होते हुए बिलासपुर जोड़ने वाले रास्ते के भदौरा ग्राम पंचायत के छुइहा नाला में पानी का तेज बहाव दर्जनों गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया। खोडरी के सोन घाट नाला का पानी पुल से ऊपर सड़क पर तेज बहाव के साथ बह रहा है। रेलवे अंडर ब्रिज में पानी भर जाने से आवागमन प्रभावित हुआ है।

## छलका खुड़िया बांध, बढ़े पर्यटक

**लोरमी।** वनांचल में अनवरत बारिश से मनियारी नदी में निर्मित राजीव गांधी जलाशय खुड़िया बांध पूरी तरह से लबालब हो गया है। क्षमता से अधिक पानी भरने के कारण विभाग ने 1 फीट 7 इंच रिकार्ड दर्ज किया है। जो और बढ़ने की सम्भावना बताई जा रही है। विभाग बांध के वेस्टवियर से पानी बहने का रिकार्ड दर्ज के साथ सतत निगरानी कर रहा है। मनोरम दृश्य देखने पर्यटकों की भीड़ भी लगना भी शुरू हो गया है। पर्यटकों की जमघट लगना स्वभाविक है। लोग वेस्टवियर से पानी की बहाव देखने बांध की ओर रुख कर रहे हैं। वनाचंल में बीती रात तेज बारिश ने सभी नाले उफान पर हैं। मनियारी नदी के सहायक नदी नाले उफान पर इससे जल्दी खुड़िया बांध में जलसंचय हो गया। मनियारी जलाशय के ऊपरी हिस्से से पानी का तेज बहाव जलाशय में आ रहा है। जिसके चलते जलाशय में 101 प्रतिशत पानी का भराव हो गया है। 24 घण्टे से मैकल श्रृंखला पर्वत के तलहटी क्षेत्र में लगातार हो रही तेज हो बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं।



**खबर संक्षेप**

### अयोध्या में श्रीराम लला का दर्शन करेंगे 64 तीर्थयात्री



**मुंगेली।** श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत जिले के 64 तीर्थयात्री अयोध्या में श्रीरामलला का दर्शन करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने तीर्थ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए रवाना किया। इन सभी तीर्थयात्रियों को दो बसों के माध्यम से बिलासपुर रेल्वे स्टेशन तक भेजा गया। वहां से सभी स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना होंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की उप संचालक भूमिका देसाई ने बताया कि तीर्थयात्रियों का पुष्पाहार से स्वागत कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान जनपद पंचायत मुंगेली के अध्यक्ष राम कमल सिंह परिहार, पवन पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अन्य अधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या धाम का दर्शन कराने के लिए श्रीरामलला दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत तीर्थयात्रियों को अयोध्या में रामलला का दर्शन कराया जाता है। सभी तीर्थयात्रियों को रास्ते में खाने-पीने, अयोध्या में ठहरने और दर्शन के बाद वापस घर तक निःशुल्क पहुंचाया जाता है।

### पीसीसीएफ पांडे ने किया मदकूद्वीप का निरीक्षण



**मुंगेली।** पीसीसीएफ अरुण पांडे ने मदकूद्वीप में पर्यटन विकास एवं संरक्षण के लिए द्वीप का निरीक्षण किया तथा कार्य योजना बनाने के लिए डीएफओ को मार्गदर्शन प्रदाय किया। द्वीप में बर्ड आइलैंड के रूप में विकास किया जाएगा। शिवनाथ नदी किनारे स्थित खूबसूरत मदकू द्वीप में बहुतायत संख्या में कई दुर्लभ प्रजाति के पक्षी पाए जाते है। जिनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बर्ड आईलैंड के रूप में विकसित करने एवं बायोडायवर्सिटी पार्क निर्माण करने की शासन की मंशा को मुर्त रुप देने के संबंध में शीघ्र कार्य योजना बनाने के लिए वनमण्डलाधिकारी मुंगेली अभिनव कुमार को मार्गदर्शन प्रदाय किया गया। मदकूद्वीप लगभग 24 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हरियाली से भरपूर प्राचीन मंदिर और एतिहासिक व पुरातात्विक महत्व के लिए भी प्रसिद्ध है। मदकूद्वीप राजधानी रायपुर एवं न्यायधानी जिला बिलासपुर के बीच पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाएं जाने की अपार संभावनाएं है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर

**मुंगेली।** ग्राम रामगढ़ में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। नहर रोड स्थित सागर कंस्ट्रक्शन के पास हुई दुर्घटना में तेज रफ्तार में आ रही एक फोर्ड ईकोस्पोर्ट कार ने युवक को जबरदस्त टक्कर मार दी। कार डीलक्स गाड़ी के ऊपर चढ़ गई और बाइक सवार को रौंदते हुए काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। घटना के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार फोर्ड ईकोस्पोर्ट कार क्रमांक सीजी 28 बी 3702 सागर कंस्ट्रक्शन के पास से गुजर रही थी, तभी यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि यह कार सुखनंदन हॉस्पिटल के एक डॉक्टर की है। हादसे के वक्त कार तेज रफ्तार में थी। इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी और सड़क किनारे डीलक्स गाड़ी पर चढ़ गई। हादसे में बाइक चालक बुरी तरह घायल हो गया। घायल युवक की पहचान भटगांव निवासी मोनू ध्रुव के रूप में हुई है, जिसकी उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर के बाद युवक कुछ समय तक सड़क पर तड़पता रहा। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी और युवक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।



## शिक्षकों से भरे वाहन को ट्रक ने मारी टक्कर, दो शिक्षिकाओं की मौत



**कोरबा।** एकलव्य स्कूल के शिक्षकों व बच्चों को कटघोरा से लेकर पोड़ी उपरोड़ा एकलव्य स्कूल जा रहे विंगर वाहन को सामने से आ रहे ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में दो शिक्षिकाओं की मौत हो गई है। आठ लोग घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने शिक्षिकाओं के शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार पोड़ी उपरोड़ा स्थित एकलव्य स्कूल में पदस्थ शिक्षक व बच्चे कटघोरा में निवास करते हैं और रोज एकलव्य स्कूल में आने जाने के लिए विंगर वाहन का इस्तेमाल करते हैं। प्रतिदिन की तरह गुरुवार की सुबह कटघोरा से 7:05 बजे में विंगर वाहन क्रमांक सीजी 10 एफए 6971 में सवार होकर एकलव्य स्कूल के शिक्षक व बच्चे कटघोरा से पोड़ी उपरोड़ा एकलव्य स्कूल के लिए रवाना हुए थे। 7:20 बजे में कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तानाखार के समीप कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीएम 5954 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए विंगर वाहन को साइड से टक्कर मार दी। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और वाहन में सवार शिक्षक व बच्चों में चीख पुकार मच गई। घटना के होते ही घटना की सूचना कटघोरा पुलिस को मिली। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी बड़ी संख्या में दल बल सहित मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। पुलिस कर्मियों ने वाहन में सवार सभी एक दर्जन शिक्षक व बच्चों को उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत दो शिक्षिका मंजू शर्मा 30 वर्ष व अंजना 30 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में राहुल तंवर 28 वर्ष, शुभम चौबे 30 वर्ष, दीपांकर दास 31 वर्ष, गायत्री 28 वर्ष, रिया सोलंकी, रूपिका शर्मा 12 वर्ष, संगीता यादव 35 वर्ष, अभय श्रीवास्तव 25 वर्ष घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर दोनों मृतक शिक्षकों के शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कलेक्टर ने ली किसान पंजीयन के संबंध में बैठक

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में किसान पंजीयन के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कृषक पंजीयन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पीएम किसान सम्मान निधि की प्रगति की समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर जीएल यादव ने किसान पंजीयन की प्रक्रिया को 31 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि सभी पात्र कृषक समर्थन मूल्य पर धान विक्रय सहित अन्य योजनाओं का लाभ ले सकें। इसके साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों का फसल बीमा कराने के भी निर्देश दिए। कृषि विभाग के उपसंचालक एमआर तिग्गा ने बताया कि जिले में अब तक 97 हजार 412 पीएम किसान लाभार्थी कृषकों में से 80 हजार 851 का पंजीयन पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त 16 हजार 561 कृषकों का नया पंजीयन किया गया है। वहीं, धान विक्रय करने वाले 01 लाख 10 हजार 469 कृषकों के पंजीयन की प्रक्रिया को भी शीघ्र पूरा करने का कार्य किया जा रहा है।

## योजनाओं का लाभ किसानों तक आसानी से पहुंचे: चंद्रवंशी





**बिलासपुर।** छग कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी ने उप संचालक कृषि कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर कृषि एवं इससे जुड़े विभागों के काम काज की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि किसानों और कृषि गतिविधियों का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता सूची में सर्वोपरि है। यह तभी संभव है जब शासन द्वारा किसानों के लिए बनाई गई योजनाएं और सुविधाओं का लाभ उन्हें सुगमता से मिल सके। उन्होंने बैठक में सस्ते विकल्प के रूप में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए किसानों के बीच इनका व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। बैठक में सुरेश चंद्रवंशी ने कृषि विभाग के साथ साथ पशुपालन, उद्यानिकी, मछलीपालन तथा मार्कफेड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा जिले में खाद एवं बीज की आपूर्ति के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। उप संचालक कृषि बिलासपुर ने बताया कि जिले में चालू खरीफ में अब तक 479.63 एमएम वर्षा हुई है। जिसके परिणाम स्वरूप मुख्य फसल धान की बुवाई एवं रोपाई का कार्य 1.17 लाख हेक्टर में पूर्ण हो चुका है तथा शेष बुवाई रोपाई का कार्य कृषक कर रहे हैं। अच्छी बारिश होने से किसानों में खुशी है। कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त अध्यक्ष चंद्रवंशी द्वारा जिले में बीज की भंडारण के संबंध में समीक्षा की गई। जिस पर उप संचालक कृषि द्वारा यह बताया गया कि कुल 21986 क्विंटल मांग थी। जिसके विरुद्ध 98 फीसदी बीच का वितरण किया जा चुका है। उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ती जिले में करने तथा डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में यूरिया, एसएसपी, एनपीके तथा नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग को बढ़ावा देने किसानों के बीच प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में 77% उर्वरक का भंडारण तथा 70% वितरण हो चुका है एवं डीएपी के विकल्प रूप में उपयोग किए जाने वाले खाद के मिश्रण के बारे में प्रचार प्रसार किया जा रहा है।किसानों को नकली उर्वरकों का वितरण को प्रतिबंध लगाने हेतु लगातार उर्वरक निरीक्षक द्वारा निरीक्षण कर रोक लगाने तथा आगामी समय में सभी उर्वरकों का अलग-अलग कलर कोड कर वितरण किए जाने का सुझाव दिए।

### सोयाबीन की खेती का प्रदर्शन किया गया

**मुंगेली।** किसानों को परंपरागत खेती से आगे बढ़कर वैज्ञानिक एवं तकनीकी विधियों से खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेली द्वारा ग्राम बैहाकापा, बैहरसरी, तरवरपुर एवं उदका में समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत सोयाबीन की खेती का सफल प्रदर्शन किया गया। इस पहल के तहत कुल 42 किसानों को 20 हेक्टेयर क्षेत्र में उन्नत कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक सलाह एवं गुणवत्तापूर्ण बीज की सुविधा देकर लाभान्वित किया गया। विशेषज्ञों ने गांव-गांव जाकर किसानों को उन्नत बीजों, पंक्ति पद्धति, बीजोपचार एवं रोग प्रबंधन की जानकारी दी। पौधा रोग के विषय वस्तु विशेषज्ञ एसके लहरे ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों में वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूकता बढ़ी है, जिससे उनकी खेती अधिक लाभकारी हो रही है। उद्यानिकी विशेषज्ञ डॉ प्रमिला जोगी ने कहा कि वैज्ञानिक तरीके अपनाकर किसान पारंपरिक उपज की तुलना में कहीं अधिक लाभ कमा सकते हैं। कृषि प्रसार विशेषज्ञ नेहा लहरे ने किसानों को जागरूक करते हुए बताया कि सोयाबीन की पंक्ति पद्धति से बुवाई एवं बीजोपचार करने से फसल रोगमुक्त रहती है और उत्पादन में वृद्धि होती है। इस दिशा में किसानों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

### डेयरी पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

**तखतपुर।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विवि दुर्ग के अधीन संचालित शासकीय डेयरी पॉलिटेक्निक कॉलेज तखतपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 17 जुलाई से प्रारंभ हो चुकी है। डेयरी पॉलिटेक्निक कॉलेज के 'डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी' द्विवर्षीय एवं चार सेमेस्टर कोर्स में प्रवेश हेतु कुल 30 सीटें उपलब्ध हैं। इसमें प्रवेश हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अहर्ता गणित या जीव विज्ञान विषय में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण है। अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम उम्र 17 वर्ष है व प्रवेश में उच्चतर आयु सीमा का बंधन नहीं है। पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। 'डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी' पाठ्यक्रम अंतर्गत छात्रों को दुग्ध का प्रसंस्करण, दुग्ध उत्पाद निर्माण, उसका पैकेजिंग, भंडारण व विपणन इत्यादि पहलुओं पर तकनीकी एवं प्रायौगिक ज्ञान प्रदान किया जाता है। इस पाठ्यक्रम को करने के पश्चात दूध एवं दूध उत्पादन से स्वरोजगार प्रारंभ करने एवं संबंधित संयंत्र संस्थानों में विभिन्न स्तर पर रोजगार की संभावनाएं हैं। प्रवेश प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर के परिसर में संचालित डेयरी पॉलिटेक्निक कॉलेज से ली जा सकती है।

### कास्मेटिक दुकानों व मेडिकल स्टोर्स की जांच

**मुंगेली।** जिले में नकली व मिलावटी कास्मेटिक एवं नारकोटिक दवाओं के रोकथाम के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न कास्मेटिक दुकानों व मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई। औषधि निरीक्षक महेन्द्र देवांगन, रत्नेश बरगाह व श्रीमति किरण सिंह की संयुक्त टीम द्वारा मुंगेली विकासखण्ड स्थित राजा मनिहारी, आशा कास्मेटिक्स तथा प्रकाश मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान मेडिकल स्टोर्स मे नारकोटिक दवाओं के क्रय-विक्रय रिकार्ड की जांच की गई। जांच से दुकानदारों के बीच हड़कंप मच गया। कास्मेटिक व औषधिओं की गुणवत्ता जांच हेतु एक कास्मेटिक व एक औषधि का सेंपल लिया गया, जिसे जांच हेतु राज्य औषधि एवं प्रसाधन परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर में प्रेषित किया जाएगा तथा गुणवत्ता जांच में अमानक घोषित किए जाने पर निर्माता कंपनी आदि पर विधिनुसार कार्रवाई की जाएगी। औषधि निरीक्षक ने बताया कि पूरे जिले में नकली व मिलावटी कास्मेटिक व नारकोटिक दवाओं के रोकथाम के लिए विभाग द्वारा आगे सतत जांच जारी रखी जाएगी और अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### मुस्लिम जमात ने किया विधायक का सम्मान, समाज के भवन के लिए मिलेंगे 20 लाख रुपए

## आपसी भाईचारे का संदेश देने वाला नगर है तखतपुर: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

मुस्लिम जमात की ओर से विधायक धर्मजीत सिंह का सम्मान किया गया और कार्यक्रम में विधायक ने समाज को भवन के लिए विधायक निधी से 20 लाख रूपए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि विकास की रफ्तार तभी आगे बढ़ती है जब उसमें हर व्यक्ति की भागीदारी हो व्यक्ति के विकास से ही समाज प्रदेश और राष्ट्र उन्नति की ओर अग्रसर होता है। इस समाज में हम सभी एक साथ रहते है और तखतपुर एक आपसी भाई चारा का संदेश देने वाला नगर है जहां पर जाति पाती का भेद बिल्कुल नही है। सभी एक दूसरे के त्यौहार को मिलजुलकर मनाते है और उनकी खुशियां में अपने आपको शामिल करते है। यहीं हमारा भाई चारा का संदेश एक मिशाल बना हुआ है। समाज के भवन के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा करते हुए कहा कि इस भवन में बैठकर सामाजिक गतिविधियों को और ज्यादा बेहतर ढंग से संचालित कर सकेंगे। मुस्लिम समाज की ओर से समाज के सामुदायिक भवन में विधायक एवं अध्यक्ष श्रीमती पूजा मक्कड़, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन तथा पार्षद अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, ईस्लाम अंसारी, जसप्रीत रमन हूरा, कैलाश देवांगन, परमजीत लवली हूरा, अंजू देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, पूजा बबलू गुप्ता, प्रियंका सुनील आहुजा, मुन्ना श्रीवास का सम्मान किया गया। स्वागत भाषण समाज के अध्यक्ष इरशाद अंसारी ने किया। कार्यक्रम का संचालक अशरफ अली एवं आभार प्रदर्शन कय्युम अंसारी ने किया। इस अवसर पर हाजी अब्दुल कय्यूम अंसारी , मो.जाकिर भाई , हाजी इरशाद अंसारी (मुतवल्ली), शेख शफ्फु (नायब मुतवल्ली), सैय्यद अशरफ़ अली (सचिव), आबिद अंसारी (कोषाध्यक्ष), इस्लाम अंसारी, मिनाज खान, जावेद मेमन, अब्दुल मुकीम अंसारी, नईम खान, मोहम्मद शब्बीर, इकबाल अहमद, एजाज़ अंसारी, मोहम्मद जायसी, अब्बास जायसी, नजरू जिन्दरान, मोहम्मद सकील,शेख फरीद, नदीम अंसारी, मोहम्मद रफी अंसारी, मोहम्मद अय्युब अंसारी, साहिल खान, हबीब खान बब्बू भाई,पुक्कू भाई , शेख सरीफ, आजम खान, गुलबहार शाह, रज्जाक अंसारी, उमर कुरैशी, इमरान शाह, इमरान अली, अरसद खान, शेख रज़ा, मो.एजाज, शेख वसीम, सैय्यद अज़हर, मोहम्मद जावेद, तस्लीम खान, जाकिर जायसी, जावेद खान, वकील खान, साजिद खान, शेख सहजाद, जाबिर अंसारी आदि मौजूद थे।



विधायक धर्मजीत सिंह का स्वागत करते समाज के लोग।

## श्री सिद्ध बाबा पहुंच मार्ग का विधिवत शुभारंभ



**करगी रोड कोटा।** नगर के हृदय स्थल वार्ड नंबर 9 स्थित सिद्ध बाबा धाम पहुंच मार्ग का शुभारंभ विधिवत रूप से नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, समाजसेवी व संरक्षक वेंकटलाल अग्रवाल, रामचरण सप्रे, संतोष साहू, बलराम सोंधिया, मुख्य नपा अधिकारी राहुल यादव, राज श्रीवास एवं बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे। शुभारंभ के दौरान वक्ताओं ने बताया कि पहाड़ पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर एक पर्यटन स्थल के रूप में उबर रहा है। यहां स्थित पहाड़ी से पूरे शहर का विहंगम दृश्य देखा जा सकता है। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा हेतु चारों ओर से पहाड़ को काट कर चार पहिया वाहनों के आवागमन के लिए सुगम मार्ग का निर्माण किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालु अपने निजी साधनों से सिद्ध बाबा धाम पहुंच सकेंगे। नागरिकों ने इस कार्य की सराहना करते हुए नगर पंचायत का आभार व्यक्त किया एवं इसे क्षेत्र की धार्मिक और पर्यटन उन्नति की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

## खबर संक्षेप

### जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति में सदस्य बने रियाज



सीपत। समाजसेवा, पत्रकारिता और धार्मिक नेतृत्व के क्षेत्र में सक्रिय सीपत निवासी रियाज अशरफी को जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ सरकार के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव की अनुशंसा पर की गई, जिसे कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सूची जारी कर औपचारिक रूप दिया। यह समिति अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं के समाधान, अधिकारों की रक्षा तथा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्यरत रहती है। साथ ही शासन को सुझाव देने जैसी अहम भूमिका भी निभाती है।

### विद्यार्थी उत्कर्ष योजना परीक्षा परिणाम घोषित

मुंगेली। पं जवाहर लाल नेहरू विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025–26 हेतु विद्यार्थियों के चयन के लिए 30 मार्च को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सूची का अवलोकन जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय आदिवासी विकास विभाग के कक्ष क्रमांक 221 में अवलोकन किया जा सकता है। इस संबंध में दावा-आपत्ति 26 जुलाई तक किया जा सकता है।

## निधन

### अलोक दीक्षित



बिलासपुर। स्वर्णजयंती नगर निवासी राघवेन्द्र राव महाविद्यालय के सेवानिवृत प्राध्यापक आलोक दीक्षित का 24 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 जुलाई को सुबह 10:30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. कन्हैया लाल दीक्षित के पुत्र, अंशुल व अक्षत दीक्षित के पिता थे।

### राजेश यादव



बिलासपुर। ग्राम सीपत (खाडा) निवासी राजेश यादव का 28 वर्ष की आयु में 23 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम खाडा में 24 जुलाई को किया गया वे संतोष यादव के पुत्र, सितेश यादव प्यांशू यादव पियेश यादव के भाई थे।

### शारदा प्रसाद सोनी



बिलासपुर। खपरगंज मारवाड़ी लाइन निवासी शारदा प्रसाद सोनी (लल्लवा) का 24 जुलाई को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। उनकी अंतिम यात्रा 25 जुलाई को मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अनंत लाल सोनार के पुत्र थे।

### शेख सरफूद्दीन



बिलासपुर। तालापारा नूरानी मस्जिद के पास निवासी राज्य परिवहन के रिटायर्ड सुपरवाइजर शेख सरफूद्दीन (नाना) का 84 साल की उम्र में 24 जुलाई को देहांत हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 25 जुलाई शुक्रवार को बाद नमाज जोहर मरीमाई खामोश गंज कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे नूरानी मस्जिद, रमजानी बाबा दरगाह एवं गौसिया एजुकेशन सोसाइटी के सरपर्सत एवं एजाजुद्दीन राजा खान के पिता थे।

### कुसी बाई साहू



बिलासपुर। जांजगीर जिला के ग्राम जर्वे-हरदी निवासी कुसी बाई साहू का 24 जुलाई को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 जुलाई की सुबह 10 बजे मंगला स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. बिसाहू राम साहू की पत्नी एवं स्व. रामकिशन साहू, वेद प्रसाद साहू, संतोष साहू की माता थीं।

### देविका साहू



मुंगेली। ग्राम संगवाकापा के विष्णु साहू की पुत्री देविका साहू का 9 वर्ष की आयु में 24 जुलाई को निधन हो गया। वे पूर्व जनपद सदस्य निरंजन साहू की भतीजी थी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### प्रभा देवी कश्यप



बेलतरा। ग्राम नेवसा निवासी आंगनबाड़ी सहायिका प्रभा देवी कश्यप का 47 वर्ष की आयु में गुरूवार 24 जुलाई को इलाज के दौरान निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम नेवसा मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे अंशु, हिमांशु और निकिता की माता थीं।

---

**बच्चों ने उठाया गेड़ी का आनंद युवाओं ने लगाई बाजी**

# कृषि औजारों की पूजा कर मनाया गया लोकपर्व हरेली



गेड़ी का आनन्द लेते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में हरेली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। ग्राम देवताओं के आह्वान एवं कृषि औजारों की पूजा कर उत्साह पूर्वक गांव-गांव में पर्व मनाया गया। घर-घर में बनाए गए छत्तीसगढ़िया पकवान एवं बच्चे गेड़ी का आनंद लिए।

किसानों के प्रमुख त्यौहार के दिन सुबह होते ही किसान परिवार नहा धो कर चौका, आंगन गोबर से लीप कर घर को शुद्ध किया गया। घर-घर में कृषि औजारों नांगर, गैती, रापा आदि की पूजा अर्चना करके अच्छी फसल की कामना की गई। गांव के देवी देवताओं को खुश करने नारियल मिष्ठान चढ़ाया गया। ग्रामीणों द्वारा ठाकुर देव, इष्ट देव, कुलदेव एवं महादेव की अराधना कर कुशल मंगल की कामना की गई। परंपरा के अनुसार गांव-गांव में बैगा, गुनिया विशेष पूजा अर्चना कर साधना किये। श्रावणमास में पड़ने वाले किसानों के इस प्रमुख त्यौहार पर श्रावण की बरसात प्रारंभ हो जाने के कारण इस वर्ष विशेष उत्साह रहा। हरेली अमावस्या पर्व पर आज सुबह से ही अच्छी बारिश होते रही। हरेली अमावस्या के दिन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पर नारियल फेकने एवं अन्य किस्म के दांव लगाये जाते रहे। शहर के हर मोहल्ले में युवाओं को दांव लगाते देखा गया। छोटे-छोटे बच्चे बांस से बने गेड़ी पर चढ़कर दौड़ लगाते नजर आये। पूर्व की तुलना में गेड़ी का दौर कम हुआ है और दांव लगाने के लिए युवा वर्ग में उत्साह देखा गया है।

## महमंद में हरेली महोत्सव, विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



मस्तूरी। छत्तीसगढ़ के पहले तिहार हरेली पर ग्राम पंचायत महमंद में हरेली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ गेड़ी दौड़, नारियल फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चे एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 500, 1000 एवं 1500 रुपए प्रोत्साहन राशि एवं शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ही सैकड़ो बुजुर्गों को भी सम्मान स्वरूप शाल एवं श्रीफल भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी एवं बतौर अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी सहित जिला पंचायत सभापति अरुणा चंद्रप्रकाश सूर्या, अभय नारायण राय सहित सरपंच पूजा विक्की निर्मलकर, बीपी सिंह, रवि बरगाह, रेलवे मंडल अध्यक्ष मुकेश राव, राकेश सूर्यवंशी, अमित रजक कुलदीप रजक, ओमप्रकाश सूर्यवंशी, शैलेंद्र तिवारी, माधव साहू, शत्रुघ्न कश्यप, रामा टंडन, संजय सूर्यवंशी, गंगे निर्मलकर, सीना यादव, धरमलाल सूर्यवंशी, ललन सूर्यवंशी, हर्ष केडिया, शिवम, किशन रजक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरेली पर्व



करगी रोड कोटा। छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति का पहला पर्व हरेली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पार्षद कान्हा गुप्ता ने बताया कि यह त्यौहार विशेष रूप से किसानों एवं ग्रामीण द्वारा कृषि कार्यों और कृषि उपकरणों की पूजा कर खेतों में जुताई-बोआई, रोपाई और बियासी जैसे कार्यों के संपन्न होने के बाद उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार मानसून की शुरुआत और बुवाई के मौसम के प्रतीक के रुप मे किसान और उनकी भूमि के बीच के गहरे रिश्ते को दर्शाता है। इस अवसर पर उन्होंने हरेली परंपरा को जीवित रखने के उद्देश्य से नगर के युवाओं को नारियल फेंक, आदि गेम खेल को प्रोत्साहित किया।

## संस्कृति से जुड़ना ही हमारी असली शिक्षा



सीपत। हरियाली, परंपरा और खेल की सरगर्मी से गुरुवार को सुनील शिक्षण संस्थान का प्रांगण जीवंत हो उठा, जब हरेली के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भारतीय लोक संस्कृति को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र नारियल फेंक प्रतियोगिता रही, जिसमें बच्चों ने पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने खेल भावना के साथ पारंपरिक खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे उत्सव में रोमांच और उमंग की लहर दौड़ गई। संस्था के संचालक सुनील निर्मलकर ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की आत्मा है। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, परंपरा और परिश्रम के प्रति सम्मान का प्रतीक है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि भारतीय संस्कृति की जड़ों से भी जुड़े रहें। कार्यक्रम में संस्था संचालक सुनील निर्मलकर सहित समस्त शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## छोटे-छोटे बच्चों ने लिया फुगड़ी खेल का आनंद



लोरमी। नगर एवं ग्राम सुकुली में हरेली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। किसानों ने अपने घरों में कृषि औजार कुदाली, फावड़ा, गैंती, कोपर, दतरी, टंगिया, बसुला, सब्बल खासकर हल एवं बैलों की पूजा की। छग का यह त्यौहार हरियाली यानि पर्यावरण के प्रति किसानों के झुकाव को दर्शाता है। लोगों ने कृषि औजारों की पूजा कर नारियल व छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भोग लगाया। ग्राम के चरवाहों ने घर-घर जाकर द्वार पर सतावर एवं नीम के पत्ते लगाए, जिस पर किसानों ने उन्हें इच्छा अनुसार अन्न एवं पैसे भी दान किए। ग्राम सुकली में बांस पर खास तरह से गेड़ी बनाकर गांव के बच्चों ने गेड़ी चढ़ने का आनंद उठाया एवं छोटे-छोटे बच्चों ने फुगडी खेल का भी आनंद लिया।

---



# अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों को मिल रही सुविधाएं

मुंगेली। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा की अनुरूप कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए जिले के तीनों विकासखण्डों के 30 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना की गई है। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की स्थापना होने से ग्रामीणों को काफी सुविधाएं मिल रही हैं। पहले आय, जाति, निवास आदि कार्यों के लिए च्वाईस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब ग्रामीणों को उनके घर के पास ही सभी सुविधाएं मिलने लगी हैं, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो रही है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने इस पहल को वित्तीय समावेशन की दिशा में एक बड़ा कदम बताते हुए कहा कि ये पहल ग्रामीण स्वावलंबन और पंचायत सशक्तिकरण की दिशा में मददगार कदम है। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सोनम तिवारी के अनुसार इस पहल ने न सिर्फ आर्थिक रूप से गांवों को मजबूत किया, बल्कि युवाओं को स्वरोजगार के अवसर भी दिए।

**माजदा वाहन में कर रहे थे 17 मवेशियों की तस्करी**

# सीपत पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 मवेशी तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

सीपत पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी स्वराज माजदा वाहन में 17 मवेशियों भरकर ले जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने मुक्त करा कर अपने कब्जे में लिया। मवेशियों की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख 67 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया एवं जब्त मवेशियों को स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत मां भुवनेश्वरी गौशाला गतौरा में सुरक्षित रखा गया।

दरअसल सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम झलमला मेन रोड के पास पशु तस्करी की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्वराज माजदा वाहन सीजी10 डब्ल्यू 8939 को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसमें 17 नग मवेशी पाए गए। मवेशियों को अन्य राज्य तस्करी कर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी भारत यादव पिता रामफल यादव 22 वर्ष, सुरेंद्र यादव पिता परमेश्वर यादव 19 वर्ष निवासी चिल्हाटी को गिरफ्तार कर लिया एवं तस्करी में प्रयुक्त माजदा वाहन व 17 मवेशी कुल कीमती 10 लाख 67 हजार रुपए को जब्त कर लिया। उक्त आरोपियों के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम 11(ड) एवं छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धाराएं 4, 6, 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।



### कार्रवाई जारी रहेगी

हमें मुखबिर से जानकारी मिली कि झलमला की ओर से एक वाहन में मवेशियों को तस्करी कर ले जाया जा रहा है। उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में तत्काल नाकाबंदी की गई और आरोपियों को पकड़कर मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। पशु चिकित्सक की जांच के बाद सभी मवेशियों को गतौरा स्थित गौशाला को सौंपा गया। ऐसे कृत्य करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**– गोपाल सतपथी,**
टीआई सीपत

# एक राखी देश के सैनिकों के नाम अभियान में शामिल हुए स्काउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ की ओर से एक राखी देश के सैनिकों के नाम संदेश के साथ जिले के स्काऊट अभियान में शामिल हुए।

जिले के तीनों विकासखंड मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया से लगभग एक हजार राखी सैनिकों को भेजने का लक्ष्य रखा गया है। जिला संघ के जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर ने बताया कि स्काउट्स गाइड्स के गाइड एवं रेंजर बहनों के द्वारा हस्त निर्मित राखी सैनिकों के नाम उनके सम्मान में भेजा जाएगा। जिन सैनिकों की निगेहबानी में देशवासी अमन चैन के साथ सुरक्षित जीवन यापन करते हैं। देश के उन सैनिकों के लिए यह एक पुनीत और पावन अभियान है। जिसके लिए स्काउट गाइड संचालित सभी विद्यालयों को राखी निर्मित करने निर्देशित कर दिया गया है। जिसके तहत गाइड एवं रेंजर बच्चियों के द्वारा राखी निर्माण किया जा रहा है, जिसका फोटो वीडियो भी मुख्यालय को प्रेषित किया जाएगा। इस प्रकार स्काउट्स एवं गाइड्स विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के साथ ही देश प्रेम और सेवा भावना को सर्वोपरि मानते हुए बच्चों में देश प्रेम और सेवा के नैतिक शिक्षा का विकास करने में भी सहायक होता है।

---

# मां की हत्या करने वाला कलयुगी पुत्र गिरफ्तार

सेतगंगा/मुंगेली। घरेलू रंजिश के चलते अपनी मां की हत्या एवं पिता पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने वाले पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना फास्टरपुर सेतगंगा में आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1), 109(1) बीएनएस के तहत कार्रवाई की जा रही है।

ग्राम सारंगपुर निवासी सूचक रमेश कोशले पिता ललित कोशले आहत समारू कोशले के साथ 23 जुलाई को थाना उपस्थित आकर जबानी रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके बड़ी मां देवकी बाई कोसले को उसके पुत्र दिनेश कोसले के द्वारा परिवारिक वाद-विवाद पर आक्रोश में आकर किसी ठोस वस्तु से सिर में जानलेवा हमला कर हत्या कर दिया तथा आरोपी द्वारा अपने पिता समारू कोशले को भी टंगिया से प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया है। थाना फास्टरपुर-सेतगंगा पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपी दिनेश कोसले को अभिरक्षा में लेकर बारिकी से तथ्यात्मक पूछताछ करने पर परिवारिक वाद विवाद पर माता पिता से नाराज होकर आक्रोश में आकर अपनी मां देवकी बाई जो बिस्तर में सोते हुयी जिनके उपर लकड़ी के बत्ता से सिर पर कई बार हमला कर हत्या करना स्वीकार किया। अपने पिता के उपर कुल्हाड़ी से हमला कर जुर्म कारित करना स्वीकार करने पर आरोपी दिनेश कोसले पिता समारू प्रसाद उम्र 34 वर्ष निवासी सारंगपुर, थाना फास्टरपुर-सेतगंगा से घटना में प्रयुक्त एक नग लोहे का कुल्हाडी, एक लकड़ी का बत्ता को जप्त विधिवत 24 जुलाई को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।



पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी।



# जुए के फड़ पर पुलिस का छापा, 4 आरोपी गिरफ्तार

बिल्हा। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर जिले में जुआ-सट्टा के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 24 जुलाई गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम निपनिया के एफसीआई गोदाम में चल रहे जुए के फड़ पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की एवं मौके पर घेराबंदी कर 4 जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी संत कुमार बारमते, शिवा पटेल, दिलीप गोस्वामी एवं हरित महिलांगे के पकड़ कर थाने लाई एवं उनके कब्जे से 52 पत्ती ताश, बोरी-फट्टी सहित 4 हजार 20 रुपए नकद जब्त कर लिया। आरोपियों के खिलाफ 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# नहर में डूबने से 4 वर्षीय मासूम की मौत, जांच जारी



लोरमी। सात वर्षीय मासूम बालक की नहर में डूबने से मौत हो गई, घटना से मोहल्लेवासी एव परिजन सदमे में है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 जुलाई को ग्राम डोंगरिया में दोपहर 12.30 बजे 4 वर्षीय बालक शुभम यादव पिता हीरा राम यादव अचानक खेलते हुए पास एक नहर में नहाने चला गया। कुछ देर बाद परिजनों ने मासूम को पानी में तैरते हुए देखा तो उसे लेकर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डाक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। गौरतलब है कि बीती रात से क्षेत्र में दिनभर अनवरत बारिश से नहर, नाले उफान पर हैं। इसी बीच थोड़ी सी लापरवाही के कारण मासूम की जिंदगी चली गईं। पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की विवेचना शुरू कर दी है।

## रजत जयंती वर्ष की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

मुंगेली। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती वर्ष का आयोजन किया जाएगा, जिसको लेकर आवश्यक तैयारियों के लिए निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष मनाया जाएगा। इस दौरान 25 सालों में छत्तीसगढ़ की प्रगति पर आधारित विभिन्न गतिविधि और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रजत जयंती कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित होगा, पहला चरण 15 अगस्त से 31 अक्टूबर तक होगा एवं दूसरे चरण का आयोजन 1 नंवबर से 6 फरवरी तक किया जाएगा। कलेक्टर ने इसके लिए विभागवार विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की और सभी विभागीय अधिकारियों को नवाचार आधारित गतिविधियां एवं कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए।

# दो चीतल को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

जंगल से भटक कर मल्हार आए दो चीतलों को वन विभाग की टीम व मल्हार पुलिस ने रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़ा। दरअसल बुधवार और गुरुवार की मध्य रात्रि हुई भारी बारिश के चलते पास के जंगल से आए दो चीतलों को गुरुवार की सुबह ग्राम बैटरी में देखा गया।

हरेली त्योहार पर खेतों में पूजा करने गए किसानों ने इन्हें देखा और अन्य लोगों की इसकी जानकारी दी। इस पर कौतूहलवश आसपास के ग्रामीण हिरणों को देखने खेतों की तरफ इकट्ठा होने लगे, जिससे हिरण डर कर इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद दोनों हिरण मल्हार के शिवसागर तालाब के पीछे खेतों में पहुच गए, जिसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची एवं एक हिरण को जाल बिछाकर रेस्क्यू किया एवं दूसरे को



टिकरीपारा में पकड़ा कर सुरक्षित सीपत मंजूरपहरी जंगल में छोड़ा गया।

वन विभाग व पुलिस ने दिखाई तत्परता- गांव में हिरण आने की सूचना पर ग्राम बैटरी के वन विभाग में कार्य करने वाले स्थानीय निवासी संतोष कश्यप मौके पर आए और लोगों को शोर मचाने से मना किया तथा वन विभाग कार्यालय बिलासपुर इस संबंध में सूचना दी। ग्राम चकरबेढा निवासी वनपाल उमाशंकर राय भी मौके पर पहुंचे एवं मल्हार चौकी को मामले की सूचना दी, जिस पर पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा। इसी बीच दोपहर 1 बजे रेंज ऑफिसर पल्लव नायक की रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंचीं एवं दोनों हिरण को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

---

**न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला - मुंगेली (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क............ ब-121/20.25-
क्रमांक / 200 / वाचक / तह./2025
लालपुर थाना दिनांक 18.7.25

सर्वधारणा / आम जनता ग्राम पिथमपुर को सूचित किया जाता है द्वारिका पति/पिता श्री एसराम जाति केवट साकिन पिथमपुर तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/माता/पुत्री/पुत्र/दादा/दादी/भाई/ बहन पत्नि श्रुति निषाद (श्रुति) आ.श्री द्वारिका के मृत्यु दिनांक 12/07/2015 ग्राम पिथमपुर को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 01.08.25 समय प्रात: 11:00 बजे दिन को स्वंय / अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लालपुर थाना**
**जिला - मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बेलगहना जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्र./क/वा/तह/2025
बेलगहना दिनांक 26/6/25

प्रति, कल्पना श्रीवास्तव, पति विरेन्द्र श्रीवास्तव निवासी- सत्तीबहरा, तहसील- बेलगहना

विषय :- पेशी में उपस्थित होने बाबत्।

विषयानुसार एतद द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिरील उरांव पिता मोहर साय उरांव निवासी सत्तीबहरा तहसील बेलगहना के द्वारा ग्राम-सत्तीबहरा पहनं 12 स्थित भूमि ख.न. 57/3 रकबा 1.00 एकड़ भूमि के खाता में दर्ज वर्तमान खातेदार कल्पना पति विरेन्द्र श्रीवास्तव का नाम विलोपित कर अपने नाम पर राजस्व रिकार्ड दुरुस्त किये जाने का आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत: आप उपरोक्त रिकार्ड दुरुस्ती के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सुनवाई तिथि 26/7/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा।

तहसीलदार, बेलगहना

**न्यायालय-श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/समंस**

काब्यान टण्डन वगैरह...आवेदकगण
बनाम आम जनता वगैरह अनावेदकगण
प्रक.क्र. 631/2025, प्रो.क्र.480,
आदेश दिनांक 15/07/2025,
पेशी ता.-07/08/2025

प्रति-1. आम जनता 2. छ.ग.शासन, द्वारा जिलाध्यक्ष महोदय बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय में आवेदक के द्वारा एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 29 हिन्दू अप्राप्तवय एवं संरक्षता अधिनियम के तहत प्रस्तुत किया है जिसकी पेशी दिनांक 07/08/ 2025 को नियत है। आम जनता को (जिसका हित निहित हो) इस ईश्तहार/ नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 07/08/2025 को प्रात: 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होंवे जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, जो आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन का जवाब दे सकें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मामले की एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हों तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।

आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

शैलेष कुमार केतारप
प्रथम अपर जिला न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/समंस**

क्रमांक 41/2025
आदेश दिनांक: 08.07.2025
पेशी दिनांक : 14.08.2025
प्रोसेस दिनांक: 132/25

अमलेन्द्र नाथ मण्डल...आवेदक बनाम अधीक्षक मुख्य डाकघर एवं आम जनता जिसका हित हो...अनावेदकगण

इस न्यायालय में अमलेन्द्र नाथ मण्डल बनाम अधीक्षक डाकघर वगैरह में अमलेन्द्र नाथ मण्डल द्वारा उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकी पेशी दिनांक 14/08/2025 है।

अत: आम जनता को जिसका इसमें हित हो इस समाचार पत्र में प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है। इस प्रकाशन में पेशी दिनांक 14.08.2025 को न्यायालय में प्रात: 11.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति, जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 14.08.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अत: आज दिनांक 21/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक: 21/07/2025
स्थान- बिलासपुर

(विजेन्द्र सोनवानी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

खबर संक्षेप

### ज्ञानेश्वरी के स्लीपर कोच में मिला शव

**बिलासपुर।** जोनल रेशन बिलासपुर में पहुंची ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच के टायलेट के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला, जिसे चेक करने के बाद डॉक्टर ने भी मृत घोषित कर दिया। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंची 12101 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस 8 के प्रसाधन के पास एक व्यक्ति अचेत अवस्था में था। इसकी सूचना पर जीआरपी स्टाफ के साथ रेलवे डाक्टर भी मौके पर पहुंचे। डॉक्टर ने चेकअप के उपरांत उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। उसके पास पहचान के लिए जांच की गई, लेकिन कुछ नहीं मिला। मृतक अज्ञात है, जिसकी उम्र 40 वर्ष रंग सांवला, लाल रंग का टी शर्ट, काले रंग का लोवर पहना हुआ है। जीआरपी ने मृतक का शव पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

### जुआ खेलते पकड़े गए 5 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस खेलते 5 जुआरियों को पकड़कर 16 हजार 100 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं फड़ से भागने वाले 4 जुआरियों के खिलाफ भी जुर्म दर्ज किया गया है। पचपेड़ी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विद्याडीह टांगर में घेराबंदी करते हुए जुआ खेलते तीज राम सांडे पिता केजाउराम 51 साल ठाकुरदेवा, गुलशन बघेल पिता गुहिरा बघेल 27 साल सरगांव मस्तूरी, जगबंधु पटेल पिता जोगीराम पटेल 48 साल केवटाडीह, उत्तम सिंह ठाकुर पिता भान सिंह ठाकुर 58 साल नेवारी, अजय थवाईत पिता राधेश्याम 48 साल जोंधरा निवासी को पकड़ लिया है। वहीं मौके से 4 जुआरी भाग निकले। पुलिस ने जुआरियों के पास से 16 हजार 100 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो बहनों को सांप ने डसा, एक की मौत

**बिलासपुर।** जमीन में सो रही दो बहनों को जहरीले सांप ने डस लिया, जिससे 8 माह के मासूम बच्ची की मौत हो गई। वहीं बड़ी बहन का सिम्स में इलाज चल रहा है। मस्तूरी थाना के एएसआई शिव चंद्रा ने बताया, ग्राम भदौरा निवासी धोमो सूर्यवंशी पिता लक्ष्मी प्रसाद सूर्यवंशी 9 साल, छोटी बहन 8 माह की प्रीति सूर्यवंशी बुधवार की रात भोजन करने के बाद दोनों साथ में जमीन पर सो गए थे। रात 2 बजे तेज बारिश शुरू हुई। इसी दौरान जहरीले सांप ने घर में घुसकर सो रही दोनों बहनों को डस लिया। जिससे 8 माह के प्रीति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बड़ी बहन धोमो को इलाज के लिए मस्तूरी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद रिफर कर दिया गया। परिजन के द्वारा उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### युवक से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तिफरा बाजार चौक निवासी आयुष मंगेश्कर पिता राजकुमार श्रीराम मार्केट में ड्राइवरी करते हैं। 22 जुलाई को रात 9.30 बजे वे एक्टिवा से श्रीराम मार्केट गए थे। इसी दौरान लालखदान निवासी शुभम केंवट ने पुरानी रंजिश को लेकर उनके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके कान, सिर, गर्दन, भुजा, सीने में चोट आई है। पुलिस ने आयुष की रिपोर्ट पर हमलावर शुभम केंवट के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

पूरी बिल्डिंग जर्जर और परिसर प्रतिबंधित घोषित

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति इस परिसर में कोई भी प्रवेश ना करे

# मिशन अस्पताल परिसर से 35 परिवारों को 48 घंटे में घर खाली करने का नोटिस

**बिलासपुर।** मिशन अस्पताल प्रबंधन की याचिका हाईकोर्ट से खारिज होने के बाद नजूल विभाग ने 23 जुलाई 2025 को अस्पताल परिसर में रह रहे 35 परिवारों को 48 घंटे के भीतर घर खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है।

प्रशासन ने यह कदम उस समय उठाया जब मिशन अस्पताल की ओर से दायर याचिका नितिन लॉरेंस के फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी के कारण खारिज हो गई। इस फैसले के चलते (चर्च आफ नार्थ इंडिया ट्रस्ट एसोसिएशन सीएनआईटीए) की बिलासपुर से भोपाल तक की समस्त जमीनें एक झटके में समाप्त मानी गईं और प्रशासन ने इन परिसरों को अपने कब्जे में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गौरतलब है कि मिशन अस्पताल की स्थापना साल 1885 में हुई। इस जमीन को लीज पर दिया गया। था। लीज साल 2014 में खत्म हो गई है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने लीज का नवीनीकरण नहीं कराया है। नवीनीकरण के लिए पेश किए गए आवेदन को नजूल न्यायालय ने वर्ष 2024 में खारिज कर दिया। नजूल न्यायालय के खिलाफ मिशन प्रबंधन ने कमिश्नर कोर्ट में अपील की थी। वहां से भी राहत नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने नितिन लारेंस द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी है। इसके बाद बुधवार 23 जुलाई की शाम नजूल तहसीलदार ने अस्पताल परिसर में रह रहे 35 परिवारों को 48 घंटे के भीतर घर खाली करने का नोटिस जारी कर दिया है।



### रहवासियों ने मांगा 6 महीने का समय

इस नोटिस के बाद से मिशन अस्पताल परिसर में रहने वाले निवासियों में हड़कंप है। निवासियों की मांग है कि कम से कम छह महीने का समय उन्हें दिया जाए ताकि वे वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। परिवारों का कहना है कि पिछले चार पीढ़ियों से यहीं रह रहे हैं। जब तक अस्पताल संचालित रहा, वे सभी उसके कर्मचारी थे और सेवा देते रहे। अब अचानक बरसात के मौसम में घर खाली करने का नोटिस दिया जाना गलत है। लोगों का कहना है कि वकीलों के माध्यम से यह जानकारी मिली कि अस्पताल की जमीन की लीज 1994 के बाद नवीनीकृत नहीं हो पाई, जिसके कारण उनका कानूनी दर्जा "टेनेंट ऑफ सफरेंट" यानी शासन की दया पर निर्भर रहने वाला माना गया। उनका आरोप है कि पिछले 30 वर्षों में शासन ने कभी भी उन्हें इस स्थिति की जानकारी नहीं दी गई और ना ही प्रशासन ने अपनी जमीन के रखरखाव में कोई रुचि दिखाई।

### पूरी बिल्डिंग भयप्रद और शासकीय घोषित

इसके साथ ही मिशन अस्पताल परिसर की दो बड़ी बिल्डिंगों को जिला प्रशासन ने भयप्रद मतलब कि जर्जर घोषित कर दिया है। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र को शासकीय भूमि घोषित कर दिया गया है। पूरे परिसर में नोटिस चस्पा करते हुए लिखा गया है कि यह शासकीय भूमि है। किसी को भी इस परिसर में अनाधिकृत रुप से प्रवेश करना तथा व्यासायिक गतिविधियों को संचालित करना पूर्णत निषेध है। इसमें एक भवन वह है जिसमें मुख्य अस्पताल संचालित हैं तो दूसरा उसके पीछे हैं, जिसमें संडे स्कूल लगता है और नर्सिंग कोर्स का कार्यालय है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति इस परिसर में कोई भी प्रवेश ना करे।

### कमिश्नर कोर्ट ने अधिग्रहण को सही ठहराया

दरअसल मिशन अस्पताल परिसर की जमीन क्रिश्चियन वुमन बोर्ड को आबंटित की गई थी। इस जमीन पर मिशन अस्पताल खोला गया। बाद में इस अस्पताल परिसर की जमीन का व्यावसायिक उपयोग करते हुए उसे किराए पर दे दिया गया। जिला प्रशासन ने लीज निरस्त होने के बाद मिशन अस्पताल की जमीन पर कब्जा करने की तैयारी शुरू कर दी थी। कलेक्टर के इस आदेश के खिलाफ अस्पताल प्रबंधन ने कमिश्नर के समक्ष अपील की, जिस पर तत्कालीन कमिश्नर नीलम नामदेव एक्का ने स्टे दे दिया था, जिसके बाद राज्य शासन ने उन्हें हटा दिया था। कमिश्नर कोर्ट ने बाद में लीज समाप्त होने पर भूमि के अधिग्रहण को सही ठहराया था।

रात में हुई मूसलाधार बारिश, बिजली गिरने से बढ़ी परेशानी

# आसमानी बिजली से थर्राया शहर, 20 घंटे बंद रही सप्लाई, शाम के बाद भी छाया रहा अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देर रात करीब 1.46 मिनट पर आसमान से बिजली लोगों के लिए परेशानी का सबब बनकर गिरी, सबस्टेशन व फीडरों में आई खराबी के बाद रात से ही पूरे शहर की बिजली गुल हो गई। हालत यह थी कि सुबह 10 बजे तक शहर में बिजली का नामोनिशान नहीं था, एचटी मेंटनेंस की टीम सक्रिय होने के बाद दोपहर 2 बजे तक 5 सबस्टेशनों व कुछ फीडरों की सप्लाई शुरू कर दी गई लेकिन कई फीडर और ट्रांसफार्मर की सप्लाई सामान्य करने में कर्मचारियों को पापड़ बेलने पड़े, इस दौरान उमस भरी गर्मी ने हालत खराब कर दी।

बुधवार की रात आसमान में होती गड़गड़ाहट ने लोगों की नींद में खलल डाल दिया, थोड़े देर बाद गाज की एक के बाद एक लड़ियों से पूरा जिला थर्रा उठा, इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान बिजली के सबस्टेशन और फीडरों को उठाना पड़ा, मुसलाधार बारिश का दौर शुरू होते ही बिजली गुल हो गई। इस दौरान लोगों ने जैसे तैसे रात काटी लेकिन सुबह तब बिजली नहीं होने पर रोज की जद्दोजहद ने परेशान कर दिया। शहर के ज्यादातर इलाकों में दोपहर 3 बजे तक बिजली सप्लाई नार्मल नहीं हो सकी। इस दौरान इश्योलेटर, एबी स्वीच ब्रस्र्ट हो गए, वहीं सबस्टेशन में डीसी और रिले तक खराब हो गए। जिसके सुधार कार्य में बिजली अधिकारी और कर्मचारियों के पसीने छूट गए। खास बात यह है हरियाली अमावश्या होने के नाते सरकारी छुट्टी रही और ज्यादातर सरकारी दफ्तर बंद रहे लेकिन बिजली अधिकारी सब कुछ छोड़ बिजली व्यवस्था दुरूस्त कराने में लगे रहे।



**व्यापार विहार सबस्टेशन में भरा पानी**

व्यापार विहार सबस्टेशन में पानी भर गया। बताया जा रहा है कि रेलवे अपनी जमीन पर पानी आने से रोक चुका है, जिसके चलते त्रिवेणी भवन के रास्ते में भी पानी भर गया। वहीं सबस्टेशन में पानी भरने के कारण कर्मचारियों को खासी दिक्कत आई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण काम में देरी लगी, अधिकारियों ने नगर निगम को इस बारे में ठोस कदम उठाने के लिए कहा है, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

### 5 सबस्टेशन, 33 फीडर की सप्लाई रही प्रभावित

अधिकारियों से बताया कि आसमानी बिजली का कहर इतना अधिक था कि 33 व 11 केवी के 5 सबस्टेशन और शहर के 33 फीडर ब्रेक डाउन रहे। इस दौरान फ्यूज कॉल सेंटरों में 23 सौ से अधिक शिकायतें दर्ज की गई, कई शिकायत एक ही जगहों की थी। खास बात यह है कि दोपहर 12 बजे के बाद फ्यूज कॉल सेंटरों ने फोन उठाना ही बंद कर दिया।

### 19 जगहों पर डगाल और पेड़ गिरे

बताया नेहरू नगर, तोरवा, सीपत चौक, सरकंड़ा, कोनी, मन्नु चौक, व्यापार विहार, इंदिरा सेतु, कुदुदंड जैसे 19 से अधिक जगहों पर पेड़ों के डंगाल और पेड़ गिरने की घटनाएं हुई है। जिसे हटाने के लिए बिजली विभाग को नगर निगम की टीम का इंतजार करना पड़ा, इस लिए मरम्मत कार्य में जबरिया देरी होती रही।

### इन जगहों पर बरपा कहर

इंदिरा सेतु और कदुदंड इलाकों में एक साथ 3 पेड़ के डंगाल 33 केवी की लाइन पर गिर गए जिससे सप्लाई बंद रही, इस प्रकार अभिषेक विहार और मंगला फीडर बंद रहे और 18 घंटे के बाद ही शुरू किए गए। सकरी,कोनी, ईमलीभाठा में 20 घंटे से अधिक देर तक बिजली बंद रही। वहीं गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम में सीटी ब्रस्र्ट हो गया और मन्नू चौक के पास एलटी लाइन में पेड़ गिरने के चलते ब्रेक डाउन हो गया। बताया जा रहा है कि आसमानी बिजली के कारण बिजली विभाग को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। इस दौरान इंश्योलेटर और केबल जलने की शिकायत रही। वहीं रात 9 बजे तक 100 से अधिक शिकायतों का निराकरण बिजली विभाग नहीं कर पाई थी।

### गाज गिरने से बिगड़ी व्यवस्था

लाइटनिंग के कारण बिजली व्यवस्था बाधित हुई है, जिसे बनाने में फ्यूज कॉल, लाइन स्टाफ, एचटी विभाग और जोन के अधिकारियों के साथ ही 3 शिफ्ट के कर्मचारियों से काम कराया गया है। इसके बाद भी हमने 12 घंटे के भीतर मरम्मत कर आधे शहर को कव्हर कर लिया था।

**–पी आर साहू,** अधीक्षण यंत्री, विद्युत विभाग



पत्रकार कालोनी में स्वीच बाक्स में भरा पानी, हादसे की आशंका।

सार्वजनिक स्थान पर शराबखोरी



# आरटीओ के ड्राइवर, नगर सैनिक झोलाझाप डाक्टर सहित 5 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सिविल लाइन पुलिस ने महाराणा प्रताप चौक पर सार्वजनिक स्थान में कार खड़ी कर शराब पीने वाले आरटीओ विभाग के ड्राइवर, नगर सैनिक, झोलाझाप डाक्टर सहित 5 लोगों को पकड़ लिया है। गाड़ी चलाने वाले के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट व चार लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

गुरूवार की रात सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू बल के साथ शहर में पेट्रोलिंग पर निकले थे। इसी दौरान महाराणाप्रताप चौक पर 5 लोग गाड़ी खड़े कर खुलेआम शराब पी रहे थे। पुलिस मौके पर पहुंची तब भी सभी नशे में धुत होकर शराब पी रहे थे। पूछताछ करने पर वे पुलिसकर्मियों के साथ बहसबाजी करते हुए हंगामा मचाने लगे। सीएसपी श्री परिहार ने कड़े शब्दो में फटकार लगाते हुए कार सहित पांचों को थाने लेकर गए और सभी का मुलाहिजा कराया गया। सभी नशे में धुत पाए गए। पुलिस ने गाड़ी चलाने वाले धर्मेन्द्र भवानी के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं चार लोगों पर सार्वजनिक स्थान में शराब पीने पर आबकारी एक्ट की धारा 36 च के तहत कार्रवाई की गई है। टीआई श्री साहू ने बताया, पकड़े गए लोगों में पंकज खरे पिता बाबूलाल नगोई सरकण्डा शिक्षा विभाग, महेन्द्र भवानी पिता बंशीलाल सीपत झोला छाप डाक्टर, विश्वनाथ सोनी आरटीओ विभाग में ड्राइवर, देवराज धीवर पिता किशन धीवर सीपत सेठबाड़ा किराना व्यापारी, धर्मेन्द्र भवानी पिता स्व. प्राण भवानी सीपत निवासी है।

### शराब पीकर हंगामा मचाते 12 पकड़े गए

सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने हरेली पर्व की आड़ में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हंगामा मचाने वाले 12 लोगों को पकड़ लिया। उनके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 36 च के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं एक युवक के खिलाफ आर्म्स एकट के तहत कार्रवाई की गई है।

# जंग खा रही लाखों की मशीन एयरपोर्ट पर काम अधूरा

**बिलासपुर।** बिलासा एयरपोर्ट में नेविगेशन के लिए लगाए जाने वाले डीवीओआर मशीन 4 माह बाद भी स्थापित नहीं हो सकी है। आधे-अधूरे निर्माण के कारण नाइट लैंडिंग सुविधा नहीं मिल रही है। हालत यह है कि पीडब्ल्यूडी के लेटलतीफी के कारण लाखों रूपए की मशीन को जंग रहा है।

समिति ने कहा कि 6 महीना के बाद भी एयरपोर्ट पर निर्माण महज मशीन का ढांचा स्थापित तक सीमित है। मानसून के पहले डीवीओआर व नाइट लैंडिंग जैसी सुविधा मिलने से मानसून सीजन में फ्लाइट कैंसिल जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ता, वहीं निर्माण की गति को देखते हुए अभी चार माह का समय ओर लगा सकता है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बुनियादी सुविधाओं में कमी को लेकर हल्ला बोल किया, और कहा कि नई टर्मिनल बिल्डिंग की मंजूरी जल्द से जल्द मिलना चाहिए। मौजूदा टर्मिनल का पर्याप्त विस्तार किया जा चुका है, अधिकारी ठेकेदारो को उपकृत करते हुए करोड़ों का ठेका भी दे रहे हैं, लेकिन फिर भी दो विमान के यात्रियों के लिए पर्याप्त जगह नहीं है।

■ मानसून सीजन में कैंसिल हो रही फ्लाइट

2019-20 में मंजूर 6 करोड़ 70 लाख की टर्मिनल बिल्डिंग का कार्य तत्काल शुरू किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि बिल्डिंग का कार्य 70 करोड़ की लागत हो सकता है और बड़ी बिल्डिंग बनाने के प्रस्ताव अधिकारियों की कारगुजारियों के चलते रोका गया है।

# कोलकाता से काम करने आया युवक मकान मालिक की स्कूटी लेकर भागा

**बिलासपुर।** कोलकाता से काम करने आया एक युवक मकान मालिक की स्कूटी लेकर भाग गया है। पुलिस अमानत में खयानत का अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, नयापारा निवासी शेख मजहर ने नया मकान बनवाया है। उन्होंने दिसंबर 2024 में नए मकान में पुट्टी काम कराने के लिए कोलकाता से कारीगर बुलाया था। कारीगर उनके नए मकान में रहकर पुट्टी का काम कर रहे थे। उन्होंने कारीगरों के मुख्या हरपदा पंजा को आने जाने के लिए अपनी स्कूटी देकर रखे थे। काम खत्म होने पर वह पैसा और उनकी स्कूटी लेकर कारीगरों को लेकर कोलकाता भाग गया। उन्होंने मुख्या हरपदा से बातचीत की तो वह स्कूटी लौटा देने का आश्वासन देने लगा। मकान मालिक शेख मजहर उसे खोजते हुए कोलकाता गए तो उसके घर में स्कूटी खड़ी हुई थी, किन्तु हरपदा पंजा गायब था। उसके बाद भी वह स्कूटी लौटाने का आश्वासन दे रहा था। वर्तमान में उसने मोबाइल बंद कर लिया है। उसके बाद शेख मजहर ने गुरूवार को घटना की रिपोर्ट पर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने हरपदा पंजा के खिलाफ अमानत में खयानत का अपराध कायम कर लिया है।

# सूने मकान में चोरी, नाबालिग व खरीददार गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सूने मकान में चोरी करने वाले नाबालिग व खरीददार सोनार को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी गई जेवर जब्त कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, दैहान गिट्टी निवासी कमलेश साहू पिता अशोक साहू 22 साल 12 जुलाई को घर के दरवाज में ताला लगाकर सरकण्डा चले गए थे। 13 जुलाई की रात घर लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त था और सोने चांदी के जेवर व 25 हजार रुपए नकद चोरी हो गए थे। पुलिस अपराध कायम कर चोरों के पतासाजी में जुटी हुई है। मुखबिर की सूचना पर टीआई किशोर केंवट ने क्षेत्र के नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने श्री साहू के मकान में चोरी करना स्वीकार कर चोरी के जेवर कीर्ति नगर निवासी अभिषेक सोनी के पास बेचना बताया। पुलिस ने सोनार को पकड़कर चोरी के जेवर बरामद कर लिया है। चोरी की रकम से खरीदी गई मोबाइल भी जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### 17 नग मवेशी ले जाते माजदा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने 17 नग मवेशी बूचड़खाना ले जाते स्वराज माजदा को पकड़कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी को सूचना मिली, एक गाड़ी में मवेशी भरकर बूचड़खाना ले जाया जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ के झलमला के पास घेराबंदी कर स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 10 डब्ल्यू 8939 को रोककर जांच की, इसमें 17 नग मवेशी मिले। तस्कर चिल्हाटी मोपका निवासी भारत यादव पिता रामफल यादव 22 साल, सुरेन्द्र यादव पिता परमेश्वर यादव 19 साल पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# शुरू हुआ ई-आफिस, 50 फाइलों का डिजिटली मूवमेंट रोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय कार्यालयों में अब फाइलों का मूवमेंट डिजिटली किया जाएगा। कलेक्टर ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। ई-आफिस की शुरूआत बड़े कार्यालयों व स्थापना जैसी शाखाओं से होगी, जिसमें प्रतिदिन कम से कम 50 फाईलों का मूवमेंट डिजिटली किया जाना प्रस्तावित है।

पेन और कागज के उपयोग के बगैर सरकारी कार्यालयों में फाईलों का मूवमेंट ई-आफिस के अंतर्गत डिजिटली तरीके से करने की शुरूआत अब जिले में हो चुकी है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। योजना के तहत फाईलें कागजी दस्तावेज के रूप में नहीं बल्कि पेपरलेस फार्म में डिजिटली अधिकारियों एवं कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत की जायेंगी। इस संबंध में जारी निर्देश में कलेक्टर ने बड़े कार्यालयों के अधिकारियों को शुरू में कम से कम 50-50 फाईलें डिजिटली प्रस्तुत करने को कहा है।

■ कलेक्टर ने जारी किया निर्देश

उन्होंने यह भी कहा है कि वे स्वयं ई ऑफिस के तहत कार्य करना प्रारंभ कर चुके हैं और हर ऑफिस को अब ई-फाईल पर काम प्रारंभ कर देना है। उन्होंने कहा है कि यह कोई कठिन काम नहीं है। इसे कभी भी ऑनलाईन मोड में देखा भी जा सकता है। उन्होंने इसे पहले शुरूआती दौर में स्थापना शाखा जैसे सरल कार्यों से प्रारंभ करने की बात कहते हुए सभी संबंधित कर्मचारी एवं अधिकारियों को एक बार पुनः प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए हैं।

### 3 लाख की ठगी के मामले में महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** माईक्रोसाफ्ट कंपनी का लाइसेंस दिलाने के नाम पर सेना के आरक्षक से 3 लाख रुपए की ठगी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि मुंगेली जरहागांव हथनीकला निवासी सेना के आरक्षक सोमेश सिंह का पूर्व सैनिक राजू साहू पिता मानिकराम साहू से जान पहचान हो गई थी। राजू साहू व दिलीप कश्यप के द्वारा उनसे मल्टी मिलियन डालर प्रोजेक्ट में काम करने के लिए माईक्रोसाफ्ट कंपनी का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर 3 लाख रुपए की ठगी कर ली गई थी। उन्होंने डेढ़ लाख रुपए राजू साहू की इमलीभाठा निवासी मां ईश्वरी साहू पति मालिकराम साहूके बैंक खाते में जमा किया था। पुलिस ने 420, 507, 34 के तहत पूर्व सैनिक की मां ईश्वरी साहू को गिरफ्तार कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-[+5% GST]

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411